

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

हिन्दी मासिक जोधपुर

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 19 अंक : 210 29 जनवरी, 2023 मूल्य : 30/-प्रति



दुनियां बेहतर है क्योंकि यह जगह महिलाओं की मौजूदगी से है - माँ, बहन, बेटी, दोस्त या पत्नी कोई फर्क नहीं पड़ता उनकी क्या भूमिका है वे हमारे जीवन की दाता है उनसे ही हमारे जीवन में प्यार है अतः आप सभी से निवेदन है

**महिलाओं को सम्मान दें।**

भारत की प्रथम महिला शिक्षिका

## सावित्री बाई फूले

की 192वीं जयन्ती पर शतः शतः नमनः

| | |
|---|---|
| सावित्री बाई फूले का जन्म ( नायेगांव तह. खण्डाला, जिला सतारा ) पिता श्री खाडोजी एवं माताजी श्रीमती लक्ष्मी | 3 जन., 1831 |
| महात्मा ज्योति बा फूले के साथ विवाह | 1840 |
| पढ़ाई की शुरूआत | 1841 |
| कक्षा चौथी तथा पांचवी की परीक्षा साधारण विद्यालय से उतीर्ण | 1846 |
| शगुनाबाई के साथ विद्यालय का शुभारम्भ माहरबाड़ा में | 1847 |
| भारत की प्रथम बालिका का शुभारम्भ भिण्डेवाड़ा पुणे में तथा श्रीमती सावित्री बाई फूले प्रथम प्रधानाध्यापिका मनोनीत | 1 जन., 1848 |
| बड़े बच्चों के लिए पुणे के उस्मान शेखवाड़ा में विद्यालय का शुभा. तथा घर का त्याग कर शुद्र और अतिशूद्रों को शिक्षा देने के लिए महात्मा ज्योति बा फूले के साथ निकली | 1849 |
| प्रथम नागरिक तिल गुड़ कार्यक्रम महिला सेवा मण्डल द्वारा आयोजित | 14 जन., 1852 |
| फूले दम्पति को ब्रिटिश सरकार नेशिक्षा के क्षेत्र में किये गए कार्यों पर सम्मानित किया तथा श्रीमती सावित्री फूले को सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। | 16 नव. ,1852 |
| गर्भवती महिलाओं के लिए भारत के प्रथम शिशुहत्या निःषेध गृह ( भ्रुण हत्या को समाप्त करने के लिए ) का शुभारम्भ | 28 जन., 1853 |
| मेजर केण्डी के चेयरमेनशिप के अंतगृत श्रीमती सावित्री बाई फूले को सम्मानित किय गया। | 12 फर. ,1853 |
| कविताओं के पहले संकलन 'काव्य फूले' का प्रकाशन | 1854 |
| किसानों एवं दिहाड़ी मजदूरों के लिए भारत का पहला सायंकालीन विद्यालय का शुभारम्भ | 1855 |
| 'महात्मा ज्योति बा फूले के विचार' का प्रकाशन | 25 दिस. ,1856 |
| अनाथालय का शुभारम्भ | 1863 |
| अपने घर का कुआं पानी के लिए शूद्रों एवं अतिशूर्दो के लिए खोला | 1868 |
| विधवा ब्राह्मणी काशीबाई के पुत्र को गोद लिया | 1874 |
| फैमिन के महत्वपूर्ण कार्य का शुभारम्भ करने के साथ ही महाराष्ट्र में 52 निःशुल्क भोजनशालाओं का शुभारम्भ | 1876 - 1877 |
| गौद लिए बच्चे डॉ. यशवंत का विवाह सांसी की लड़की के साथ कर अदम्य साहस का परिचय दिया | 4 फर. ,1889 |
| महात्मा ज्योति बा फूले का देहान्त | 28 नव., 1890 |
| सावड़ में आयोजित सत्य सोधक समाज की प्रथम महिला अध्यक्षा नियुक्त | 1893 |
| दोबारा फैमिन के कार्य प्रारंभ किये जिसके कारण महाराष्ट्र सरकार को सहायता शिविर प्रारंभ करने पड़े | 1896 |
| पुणे में फ्लेग की महामारी में अनेकों सहायता शिविर चलायें | 1897 |
| पुणे में फ्लेग की महामारी में लगाए गए कैम्पों में पीड़ित की सेवा करते हुए देवलोक गमन हुई | 10 मार्च ,1897 |
| महाराष्ट्र सरकार द्वारा शताब्दी वर्ष मना कर भारत ने सम्मानित किया | 10 मार्च, 97-98 |
| भारत सरकार द्वारा सावित्री बाई फूले का डाक टिक प्रकाशित | 10 मार्च, 1998 |

# सावित्री बाई फुले की 192वीं जयंती पर पूणे में महाराष्ट्र के कद्दावर राजनेता छगनराव भुजबल महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री एवं उप-मुख्यमंत्री सहित अनेकों प्रबुद्धजनों ने रैली सहित अनेकों आयोजनों में लिया भाग



## माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यगण




जस्टिस श्रीमान देवेन्द्र कच्छवाह
(पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट)




एडवोकेट श्रीमान पुरूषोत्तम सोलंकी
(समाजसेवी, बाड़मेर)



श्रीमान नरेन्द्रसिंह गहलोत
(पर्यावरणविद्, समाजसेवी, जोधपुर)



श्रीमान रघुभाई देवड़ा
(भामाशाह - समाजसेवी, सिरोही)



श्रीमान इंजि. जुगल किशोर भाटी
(भेल इण्डिया, भोपाल)

## संपादक की कलम से...

# वैचारिक प्रदूषण समाज के लिए खतरनाक

श्रेष्ठ चरित्र और मधुर स्वभाव सबको प्रिय लगता है। पर इन गुणों को अपनाने वालों की गणित गड़बड़ाने लगी है, परिणामस्वरूप परिवार में और समाज में अशांति का वातावरण बढ़ रहा है। आज हम दु:खी इसीलिए है कि पड़ोसी सुखी क्यों है? बन्धुओं समाज के उत्थान और पतन के जिम्मेदार हम स्वयं ही होते हैं। ईर्ष्या एवं निन्दा से वशीभूत होकर हम समाज के लिए विपटना का खतरा उत्पन्न कर रहे हैं। हमारा स्वजाति बन्धु जाने-अनजाने रास्ता भटक जाता है तो हमारा कर्तव्य होता है कि उसे शान्तिपूर्वक समझाकर सद्मार्ग पर लाए, किन्तु उल्टा करने में हम रुचि लेते तथा एक- दूसरे के प्रति वैरभाव बढ़ाने की प्रवृत्ति पनप रही है। हम जरा इस पर विचार करें कि यदि हमारे समाज की हानि को हम मिलकर दूर नहीं करेंगे तो क्या अन्य जाति समाज हमारा उत्थान करेगा ? कदापि नहीं, अति शीघ्र वैचारिक प्रदूषण पर नियंत्रण कर लेने से ही हमारा सुख निहित है। रोजमर्रा के व्यवहार में परिवर्तन अत्यावश्यक है। यह तो सैनी है, कुशवाह है, माली है वो हमारे से घटिया है। इस प्रकार की बातों का कोई महत्व जमाने की नजाकत को देखते हुए नहीं है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि किसी के शामिल खाएं अथवा मेरा मन्तव्य यह भी नहीं कि बेटा-बेटी को परस्पर शादी करा ही दें, सब तो मन माने का सौदा है किन्तु अभी तो मेरा अभिप्राय यही है कि हम पेशेवर भाई हैं, तो भावनात्मक रूप से तो एक-दूसरे से जुड़ कर सहयोग, प्रेम सहानुभूति का सम्बन्ध कायम करें। यदि मैं किसी का अपमान करूंगा तो क्या कोई मुझे फूलों का हार पहना देगा? यदि आप किसी बन्धु के लिए शब्दों का प्रयोग करेंगे तो क्या समाज आप को सिर-आंखों पर बिठा देगा? हम अपमान की चिकित्सा मधुर वचनों से करें और निन्दा की क्षमा से। प्राय: हमारे में बहुत से लोग पूर्वाग्रहों, ईर्ष्याओं, घृणाओं, स्वार्थ के शिकार है इसीलिए सामाजिक दूरी बनी हुई है।

आज की युवा पीढ़ी को संगठनात्मक और भावनात्मक एकता का कार्य हाथ में ले लेना चाहिए क्योंकि भावी समाज के कर्णधार तो युवा वर्ग ही है। हमारे मन:पटल में यह बात स्थापित कर दें कि फूट एवं मनभेद से हम कुछ भी सफलता हासिल नहीं कर सकते। मेरे चित में बार-बार यह विचार मंडराता है कि समाज बुद्धिजीवी एवं चिन्तनशील व्यक्तियों से भरा पड़ा है फिर भी उत्थान की सीढ़ियां हमारे लिए दुष्कर क्यों है?

मैं तो महिलाओं से भी आग्रह करूंगा कि वे जमाने की रफ्तार का पहचाने एवं निराशावादी और दकियानुसी विचारों से दूर रहें। हम जान रहे हैं कि किसी भी संभव उपाय को किए बिना हम आगे नहीं बढ़ पा रहे है तो इंतजार कैसा ? विचारों की हीनता को तिलांजलि ही हमें नया मार्ग बता सकती है। हमें अपने कीमती समय को व्यर्थ में जाया नहीं करना चाहिए, कुंठाओं की गठरी न बनाकर जीवन रूपी सूर्य से समाज को आलोकित करें। जीवन को जैसे-तैसे घसीटते चलने की मनोवृति तो समाज में निराशा फैलाती है। परमात्मा का दिया जीवन समाज के काम आए और एक शक्तिशाली समाज का निर्माण करें।

कई बार सामाजिक कार्य के समय भी हमारे बन्धु क्षणिक स्वार्थ को लेकर आपे से बाहर हो जाते हैं और बात का बतंगड खड़ा कर देते है। यह हमारी मानसिक कमजोरी ही है। यदि हमारे विचारों पर ही नियंत्रण नहीं पा सकते तो समाज का नेतृत्व करने की क्षमता कहाँ से आएगी ? अत: वैचारिक प्रदूषण से सामाजिक क समरसता में संकट उत्पन्न नहीं करें। समाज सेवा को पवित्र कार्य कर माना गया है उसके लिए संस्कार और शिष्टाचार की महत्ती का आवश्यकता है। कहा गया है जो व्यक्ति साहस कभी नहीं छोड़ता दि उसकी पराजय कभी नहीं होती। एक निवेदन यह भी है कि हम नयापन लाने के लिए जोश में होश कभी नहीं खोए, बल्कि विशाल ह्रदय और शान्त स्वभाव से सामाजिकता की मर्यादाओं का पालन करें। चाहे परिस्थितियों कितनी ही विरोध में हो, वातावरण नए कितना भी प्रतिकूल हो, पर हम यह नहीं भूलें कि हमारे माता पिता, परिजनों, गुरूओं, संतो, महापुरूषों ने सदा उच्च कोटि का आचरण बनाने की शिक्षा दी है।



**मनीष गहलोत**
संपादक

tkfr lekt ls djsa I;kj] lquks HkkbZ tho.kk fnu pkj] tks ugha djrk lekt ls I;kj] rks le>ks mldk thou gS csdkjA

lekt lsok gS cM+h fgrdkjh] feydj dne c<+kvks] uj gks ;k ukjh gekjs lekt dk lq[kh gks gj ifjokj

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## देश भर में रक्तदान, प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ सामाजिक जन जाग्रति के हुए कार्यक्रम

# देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई ने जगाई थी शिक्षा की अलख – प्रभुलाल सैनी

**चोमूं, जयपुर।** देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती पर शहर के रींगस रोड स्थित सैनी समाज सभा भवन में महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्री बाई फुले की मूर्ति का अनावरण समारोह का आयोजन किया गया। फुले दंपत्ति की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और बालिकाओं ने आरती उतारी। पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी, जैतारण विधायक अविनाश गहलोत, पूर्व विधायक खेतड़ी पूरणमल सैनी और पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले की मूर्ति का अनावरण किया।

पूर्व कृषि मंत्री सैनी ने समाजबंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाना है तो शिक्षा का दामन थामना होगा। बिना शिक्षा के सामाजिक प्रगति संभव नहीं है। यह बात उस दौर में महात्मा ज्योतिबा फुले ने भली-भांति तौर से समझ ली थी। तभी तो तमाम विरोध और संघर्षो को झेलते हुए सावित्री बाई फुले को उन्होंने कलम की डोर से जोड़ा। महात्मा ज्योतिराव फुले और सावित्री बाई फुले के सपनों को साकार करना है तो हमें शिक्षा के बल पर ही आगे बढ़ना होगा। तभी देश और समाज की प्रगति संभव है। जैतारण विधायक अविनाश गहलोत ने कहा कि आज का दौर शिक्षा का है। हम हमारे परिवार में बच्चों की शिक्षा पर प्रमुखता से ध्यान दें। बालिका का कन्यादान करने से पहले शिक्षा का दान करें। एक शिक्षित बालिका दो परिवारों को रोशन करती है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों का त्याग कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। पूर्व विधायक खेतड़ी पूरणमल सैनी और चौमूं पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने भी समाज बंधुओं से महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले के दिखलाए गए मार्ग पर चलकर देश और समाज की प्रगति के लिए कार्य करने की बात कही।

इस मौके पर माली समाज संयुक्त मंत्री कन्हैयालाल पापटवान ने कहा कि सावित्रीबाई फुले देश की प्रथम महिला शिक्षिका थी। जिसने शिक्षा की अलख जगाई। इस मौके पर आए हुए अतिथियों से फुले दंपति को भारत रत्न देने एवं उनकी जयंती पर अवकाश घोषित करने की मांग की गई। आए हुए अतिथियों का माला, साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

माली समाज विकास समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार सैनी ने बताया कि इस मौके पर चौमूं नगरपालिका चौयरमेन विष्णु कुमार सैनी, सैनी विकास संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष गुड्डू सैनी शाहपुरा, नागरिक अधिकार संस्था अध्यक्ष सुरेश सैनी एनएचआई, प्रदेश अध्यक्ष छुट्टनलाल सैनी, ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल ठेकेदार, माली समाज समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार सैनी, उपाध्यक्ष हीरालाल पांच्या, नर्सिंग ऑफिसर प्रवीण सैनी, प्रदेश माली महासभा तहसील अध्यक्ष गैंदीलाल सैनी, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष सायरमल सैनी, महामंत्री घीसालाल तंवर, राधेश्याम तंवर,रघुवरदयाल माली एलआईसी, पूर्व चेयरमैन नानूराम सैनी, डॉ-मान प्रकाश सैनी, पूर्व चेयरमैन गोविंदनारायण सैनी, रामेश्वर सिंगोदिया,मदनलाल मालेरिया,संतोष चांदोलिया,कोषाध्यक्ष प्रभाती लाल सोनगरिया,सुरेश तंवर सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच संचालन एंकर दीपा सैनी ने किया।

**आठ ब्लड बैंकों की टीमों ने 1360 ब्लड यूनिट संग्रहित किया।**

**श्रीमाधोपुर।** सर्वसमाज श्रीमाधोपुर की ओर से मां सावित्री बाई फुले की जयंती पर मंगलवार को सीकर बाजार में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें शाम पांच बजे तक अलग-अलग शिविर के दौरान महिला व युवतियों ने भी बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। शिविर में थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ ने भी पुलिस जवानों के साथ पहुंचकर रक्तदान किया। शिविर में एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर, मित्तल ब्लड बैंक सीकर, दुर्लभजी अस्पताल जयपुर, श्रीराम ब्लड सेंटर चौमूं जन कल्याण ब्लड बैंक जयपुर, बंसल ब्लड बैंक जयपुर, जयपुरिया ब्लड बैंक जयपुर तथा ममता ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रहण किया। शिविर का शुभारंभ बावड़ी आश्रम के महंत ओंकारदास के सानिध्य में किया गया। इस दौरान खंडेला विधानसभा के कांग्रेस नेता सुभाष मील, खंडेला पंस के प्रधान गिर्राज सिंह खंडेला, श्रीमाधोपुर के पूर्व विधायक झाबरसिंह खर्रा, डॉ. माधव सिंह, पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी ने ने रक्तदाताओं उत्साहवर्धन का किया। आयोजन समिति के महेश सैनी व राजू बागवान ने बताया कि शिविर के दौरान सभी रक्तदाताओं को उपहार स्वरूप हेलमेट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। शिविर में विभिन्न सामाजिक संगठनों के अलावा राजकीय कन्या कश्लेज व निजी कॉलेजों के स्टूडेंट्स के अलाव अन्य आमजन ने बढ़-चढ़कर रक्त ने दिया। महिलाओं व विद्यार्थियों ने किया रक्तदान पूर्व पार्षद रामावतार सैनी ने अपने परिवार के साथ हर साल की भांति0 शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया। सैनी ने शिविर में 32वीं बार रक्तदान किया। वहीं उनके भाई







रमेश ने 49वीं बार तथा पंकज सोनी ने 19वीं बार रक्तदान किया। इस दौरान महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। शिविर के दौरान पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी साधुराम सैनी, नानूराम सतरावला, डॉ. हंसराज चौहान, थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़, महेश सैनी, दिलीप सिंह शेखावत, महेंद्र गोदारा, सुरेश सैनी, अशोक सोनी, बलदेव सैनी, अशोक सैनी, रवि प्रकाश, दिनेश सैनी, पूर्व पार्षद दयाराम सैनी, पार्षद उमेश चूलेट, पूर्व भू-अभिलेख निरीक्षक सुवालाल सैनी, पूर्व सरपंच बंशीधर सैनी, के. के. मंगलम, मुकेश सैनी, कनिका सैनी, ममता कुमावत, गजानंद सैनी, लालचंद सैनी, संयोग भावरिया, ओमप्रकाश प्रधान समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

**भोपाल।** संयुक्त माली सैनी मरार समाज भोपाल एवं अखिल भारतीय ओ बी सी महासभा, के तत्वाधान मे 3 जनवरी 2023 को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका क्रांति ज्योति माता सावित्रीबाई फुले जी की 192वी जयंती महात्मा जोतिबा फुले भवन अरेरा कॉलोनी भोपाल मे मनाई गई, इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ओ बी सी ललितकुमार,




महासचिव हरिसिंह सैनी,दिनेश सैनी,महिला अध्यक्ष फूलमाली समाज श्रीमती शांति माली, उपाध्यक्ष डॉ प्रेमलता सैनी, सचिव डॉ छाया सैनी, जगदीश सोलंकी, रामचरण माने, मधुकर अम्बाडकर, ओ बी सी एड. तुलसीराम पटेल, म प्र पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के संरक्षक रामविश्वास कुशवाह, पवन पटेल, पूर्व आईएफएस. बी डी शंखवार, ओबीसी शिशुपाल यादव, पूर्व आई जी लखनलाल जी आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किया ।

शिक्षा के साथ संस्कारों पर भी रहे बल विद्यार्थियों को भेंट की गई दसवीं की पाठ्य सामग्री आधुनिक युग की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती आयोजित की गई जिला मुख्यालय के निकटवर्ती सालवा गांव में विद्यार्थियों व ग्रामीण जन की उपस्थिति में इस जयंती का आयोजन किया गया इस अवसर पर दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को उत्कर्ष शिक्षण संस्थान जोधपुर की ओर से प्रकाशित पाठ्य सामग्री भी उत्साहवर्धन करने के निमित्त प्रदान की गई सामाजिक कार्यकर्ता प्रताप सिंह राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता व भामाशाह लोकेश टाक, फूलचंद टाक व बालकिशन भाटी भी उपस्थित थे । इस अवसर पर अपने संबोधन में फूलचंद टाक ने कहा कि सावित्री बाई का विवाह बाल्यावस्था में भी होने के बाद भी भी उनके पति ज्योतिबा फुले ने उन्हें शिक्षा का महत्व बताकर अध्ययन करवाया तथा बालिकाओं के लिए विद्यालय खोलने के निमित्त प्रेरित किया। उन्होंने बालकों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों पर भी बल देने का आग्रह किया। सामाजिक कार्यकर्ता लोकेश टाक ने बालकों को पूर्ण मनोयोग से अध्ययन करने तथा मोबाइल का सकारात्मक, सही व केवल ज्ञान के लिए उपयोग करने पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अपना संबोधन प्रदान करते हुए प्रताप सिंह राजपुरोहित ने कहा कि शिक्षा एक बहुत बड़ा हथियार है जिसके माध्यम से संसार में अनेक सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य व संस्कारों पर भी बल देते हुए दिनचर्या व आहारचर्या को व्यवस्थित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन बालकिशन




भाटी ने किया।

इस अवसर पर सुगनचंद भाटी, अशोक, ताराचंद, केवल राम, चंपालाल, मेहराम, दीपाराम, रामस्वरूप, प्रभुराम, अर्जुन राम, मुन्नालाल व मेघराज सहित अनेक बंधु भी उपस्थित थे।

**धूमधाम से मनाई सावित्री फुले की जयंती, महिलाओं को किया सम्मानित**

**कोटा।** देश की पहली महिला अध्यापिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मंगलवार को शहर भर में धूमधाम से मनाई गई। माली समाज सहित विभिन्न संगठनों में कई कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर रेल कर्मियों की श्री महात्मा फुले वेलफेयर सोसायटी ने भी फूले जयंती महोत्सव और नववर्ष स्नेह मिलन समारोह मनाया। साथ ही सोसाइटी ने महिलाओं और बालिकाओं का भी सम्मान किया। नयापुरा स्थित नागा जी के बाग में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ दुर्गा शंकर सैनी, सोसायटी अध्यक्ष डीडी सैनी तथा वार्ड पार्षद कौशल्या ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं सावित्री भाई को मुख्य रूप से महिलाओं के सामाजिक जीवन में सुधार का सूत्रधार बताया। वक्ताओं ने कहा कि लाखों कष्ट उठाकर भी सावित्रीबाई ने शिक्षा की अलख जगाकर महिलाओं के जीवन में व्यापक सुधार के कार्य किए। सामाजिक बुराइयां दूर करने में भी सावित्रीबाई की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में सभी ने सावित्रीबाई के आदर्शों पर चलने और नारी शक्ति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

**महिलाओं का किया सम्मान :** कार्यक्रम में पार्षद कौसलिया देवी, सामाजिक न्याय अधिकारिता सदस्य सीता भाटी, मैराथन धावक अंशु सैनी तथा नीतू सैनी सहित अन्य महिलाओं और युवतियों का शश्वल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इसके अलावा सोसाइटी द्वारा रेलवे में नई भर्ती हुए माली समाज के कर्मचारियों और पदोन्नत हुए साथियों का भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षा तथा खेलकूद हहित अन्य क्षेत्र में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं का भी शिल्ड देकर स्वागत किया गया।

**यह रहे मौजूदः** कार्यक्रम में मेवा लाल, नन्द किशोर सैनी, प्रेम शंकर, पुरुषोत्म अजमेरा, मुकेश माली, दुर्गेश अजमेरा, बनवारीलाल माली, विष्णु सुमन, भारत सुमन, राजाराम माली, रामनिवास, महावीर, लोकेश सुमन, विनोद, सत्यवीर सोलंकी, गजानंद सैनी, सीपी सैनी, हंसराज सैनी तथा चम्पा लाल सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मी और समाज बंधु मौजूद रहे।

**कनवास, कोटा।** माता सावित्रीबाई फुले की 192वी जयंती के उपलक्ष्य में देवली माझी मालियों की धर्मशाला प्रांगण में प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम संपूर्ण माली समाज तहसील कनवास जिला कोटा के तत्वावधान में दोपहर 12 बजे कार्यक्रम का अतिथियो के द्वारा माता सावित्री बाई फुले के चित्र पर कुम कुम रोली तिलक व माला पहना कर दीपक प्रज्वलित कर किया शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉक्टर दुर्गा शंकर सैनी रहे। अध्यक्षता देवकिशन पटवारी ने की, विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र समाज





सेवक गहलोत, रामेश्वर सुमन समाज सेवक (पूर्व सरपंच), राकेश पुटरा सैनी महापंचायत सगठन प्रदेश उपाध्यक्ष, हेमन्त सुमन युवामोर्चा प्रदेश महासचिव सैनी महापंचायत संगठन, महेन्द्रपाल सुमन, उपसरपंच अतिथि रहे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने अपने अपने उद्बोधन में माता सावित्री बाई फुले व मात्मा जोतिबाफुले की जीवनी पर प्रकाश डाला व शिक्षा व समाज सेवा पर बोले। कार्यक्रम में 36 छात्र छात्राओं को 15 राजकीय सेवा कर्मचारी व 10 खिलाड़ियों 1 अधिवक्ता का तिलक लगा कर फूल माला पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आस पास के गाँवो के समाज बन्धु माताएं व बहिने उपस्थित रहे।

**उत्तराखण्ड।** आज 3 जनवरी 2023 को सैनी महापंचायत संगठन उत्तराखंड (अराजनीतिक मंच) के द्वारा संगठन के प्रदेश संरक्षक की उपस्थिति में राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले जी का जन्मोत्सव मनाया गया और जयंती के शुभ अवसर पर संगठन के कार्यालय का भी खोला गया। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश अध्यक्ष अंकित सैनी ने राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले जी के द्वारा महिला शिक्षा व समाज में फैली कुरीतियों के बारे में बैठक में उपस्थित सभी लोगों को बताया कितने महत्वपूर्ण कार्य राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं की संबंध में किये संगठन के जिला संरक्षक रवि सैनी जी के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी युवाओं को राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले जी एवं राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले जी के कार्यो को आगे बढ़ाने के लिए आह्वान भी किया गया और कहाँ कि हम सभी को राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले जी के द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। बैंठक में संगठन के प्रदेश महासचिव सुमित सैनी प्रदेश मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सैनी प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सैनी प्रदेश उपाध्यक्ष शिव कुमार सैनी प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा बिट्टू सैनी प्रदेश सोशल मीडिया युवा मोर्चा मुकुल सैनी जिला अध्यक्ष आदेश सैनी जिला संरक्षक अरविंद सैनी जिला सचिव प्रदीप सैनी जिला मीडिया प्रभारी संदीप सैनी जिला उपाध्यक्ष विनय सैनी कार्यालय प्रभारी योगेंद्र सैनी ब्लश्वक अध्यक्ष रुड़की अभिषेक सैनी जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अर्जुन सैनी अभिषेक सैनी हरीश सैनी सुमित सैनी आर्य सैनी पारस सैनी दुष्यंत सैनी कन्हैया सैनी देवराज सैनी सचिन सैनी हिमांशु सैनी मिथुन सैनी अधिक युवा साथी उपस्थित रहे।



**मदनगंज किशनगढ़।** श्री फूल मालियान शिक्षण संस्था किशनगढ़ के तत्वावधान में चल रहे सावित्रीबाई फुले जयंती समारोह का समापन मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष बिरदीचंद मालाकार व समारोह के मुख्य संयोजक जयराम मालाकार के अनुसार माली समाज की संस्था श्री फूल मालिया शिक्षण संस्था किशनगढ़ के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य समारोह मंगलवार को अजमेर बाईपास रोड पर स्थित माली छात्रावास में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लिखमीदास जी महाराज स्मृति भवन अमरपुरा के अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत थे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री अशोक भादरा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में भाजपा युवा बोर्ड के अध्यक्ष व राज्यमंत्री भूपेंद्र सैनी, अतिरिक्त मुख्य ब्लश्वक शिक्षा अधिकारी किशनगढ़ अमृत राज सैनी, ब्यावर के युवा नेता महेंद्र मारोठिया, महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष कानाराम उबाणा, संस्था के संरक्षक डॉक्टर संतोष सैनी व डॉ प्रतिमा सैनी, अखिल भारतीय माली समाज मंदिर पुष्कर के अध्यक्ष ओम प्रकाश सांखला, माली महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष छोटू राम सांखला, बोरावड जिला नागौर के माली समाज अध्यक्ष राजेश भाटी, रिण्डलिय खुर्द, तहसील मालपुरा की सरपंच रुचिता सैनी, मालपुरा के युवा नेता मनोज मालाकार, सराणा के सरपंच सुरेश भाटी, सिलोरा ग्राम पंचायत के सरपंच राज किशोर सैनी, रलावता के पूर्व सरपंच मूलचंद गढ़वाल, किशनगढ़ के पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया, विधायक प्रत्याशी व भाजपा नेता विकास चौधरी नगर पालिका सरवाड़ की ब्लश्वक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद श्रीमती उमा मालाकार, पार्षद राजेंद्र गहलोत, राजस्थान कर्मचारी संघ की महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शारदा मालाकार, राजस्थान कर्मचारी एवं अश्वफिसर्स एसोसिएशन जयपुर के सचिव शंकर लाल सांखला, नगर परिषद किशनगढ़ के पार्षद भेरूलाल मालाकार, पार्षद प्रतिनिधि मनोज मालाकार, संरक्षक घीसालाल भाटी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

मुख्य अतिथि राजेंद्र गहलोत ने अपने उद्बोधन में माली समाज किशनगढ़ को एकता व अखंडता कायम रखते हुए राजनीतिक क्षेत्र में अपना परचम लहराने के लिए संदेश दिया। प्रदेश महामंत्री भाजपा अशोक भादरा ने माली समाज की सावित्रीबाई फुले जयंती एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। युवा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष व राज्य मंत्री भूपेंद्र सैनी ने समाज बंधुओं को एकता पर बल देते हुए एकजुटता का आह्वान किया। कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा फुले क्रिकेट कप 2022 मैं खेलने वाली सभी 16 टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार व नकद राशि दी गई। महात्मा ज्योतिबा फूले क्रिकेट कप की विजेता टीम श्री श्याम क्रिकेट क्लब नया शहर किशनगढ़ को संस्था की ओर से ट्राफी व रू.11,000/- नकद वह सब्जी मंडी किशनगढ़ के पूर्व अध्यक्ष मनोहर लाल माली की ओर से रू. 5,100/- नकद प्रदान किए। अंपायर के रूप में सेवाएं देने वाले गोपी चंद गुर्जर व मुरलीधर वैष्णव सहित सभी मैचों के मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज,



हैट्रिक बनाने वाले खिलाड़ियों व अन्य खिलाड़ियों व आयोजकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहयोग करने वाले भामाशाह किशनलाल दग्दी, मोहनलाल सिंगोदिया, सुशीला बणिष्ठिया, मिश्रीलाल दग्दी, भागचन्द दग्दी का सम्मान किया गया। इसी तरह किशनगढ़ तहसील क्षेत्र के माली समाज के तृतीय रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले 139 लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर माली समाज के लगभग 450 विवाह योग्य युवक-युवतियों ने अपना वैवाहिक परिचय दिया तथा अपने भावी जीवनसाथी की अपेक्षाओं के बारे में समाज के सामने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में श्रीमती पायल भाटी, नीतू पवार, रामेश्वरी गहलोत, आशा मालाकार, उषा मालाकार, दिव्या मालाकार, चंद्रकांता सैनी, मंजू सैनी, श्रीमती पिंकी सांखला, श्रीमती मुन्नी देवी, श्रीमती चंद्रकांता, श्रीमती चंद्रकला, आनंदी देवी सहित माली समाज की अनेक महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपने महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर रलावता माली समाज के अध्यक्ष विश्राम उबाणा, सुरसुरा माली समाज अध्यक्ष सांवरलाल मालाकार, कठोदा अध्यक्ष सुखराम रामसुख माली, सराना माली समाज के अध्यक्ष विश्राम उबाना, नलू समाज के अध्यक्ष कैलाश टाक अंराई समाज के रामाकिशन मालाकार, मालियों की बाड़ी पुरुषोत्तम नगर के मिश्रीलाल दगदी, संस्था के कार्यक्रम के मुख्य संयोजक वह ओबीसी भाजपा मोर्चा के अजमेर जिला प्रभारी जयराम मालाकार, अध्यक्ष बिरदीचन्द मालाकार, उपाध्यक्ष गिरिराज सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मिश्रीलाल गढ़वाल, कोषाध्यक्ष रमेश मालाकार, सचिव राकेश गहलोत, संगठन मंत्री मूल चंद गहलोत, प्रचार मंत्री घनश्याम गहलोत, मीडिया प्रभारी गोपाल अजमेरा, खेल प्रभारी जितेंद्र महावर, राजेश टाक, माली समाज अध्यक्ष शिवराज सैनी, नेमीचंद डारीवाल, बंटी, चिरंजी लाल गढ़वाल, युवराज पीलकन्या, मंगल चंद गहलोत, हरीश कुमार, ललित मालाकार, सुरेंद्र मालाकार, सहित माली समाज के लगभग 5000 लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश गहलोत, कानाराम चौहान, नीतू पवार, व पायल भाटी ने किया। अंत में कार्यक्रम के मुख्य संयोजक जयराम मालाकार ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**रेवाड़ी।** 03 जनवरी को अन्तर्राष्ट्रीय सैनी समाज मार्गदर्शन एवं एकता संघ (रजि) जिला रेवाड़ी संगठन ने सामाजिक क्रांति और नारी शिक्षा की जनक , महान मराठी कवयित्री, उन्नीसवीं सदी की महान समाज सुधारिका, पहली महिला शिक्षिका राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले की 192 वी जयंती पर जन्मोत्सव कार्यक्रम (गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बॉयज) भाड़ावास गेट रेवाड़ी (हरियाणा) के प्रांगण मे संगठन के जिला उपाध्यक्ष श्री सुनील सैनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष (हरियाणा) कंवर सिंह सैनी, एवं वरिष्ठ अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी नसीब सिंह एवं भगवानदास सैनी फूल वाले एवं गवर्नमेंट स्कूल की अध्यापिकाओ नारी शक्तियो के साथ मिलकर राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले की मूर्ति पर पुष्प माला अर्पित कर जन्मदिवस पर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की और उपस्थित सभी लोगों को मिष्ठान वितरण किया गया और शिक्षा के क्षेत्र मे उत्ष्ट कार्य कर रही अध्यापिकाओं को संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष के द्वारा ज्ञान ज्योति सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों को नोटबुक और लिखने की सामग्री भी वितरित की गई।

इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय सैनी समाज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष कहा कंवर सिंह सैनी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में, प्रथम शिक्षिका माता सावित्रीबाई फूले का जीवन ग्रामीण परिवेश में रहने वाली महिलाओ के लिए प्रेरणा स्रोत है तथा महिलाओ सशक्तिकरण के लिए एक ठोस आधार है। सावित्रीबाई फुले ने अपने पूरे जीवन भर महिलाओं के कल्याण में उच्चतर स्थान पर लाने का प्रयास किया उन्होंने अपने जीवन में अनेक परेशानियों का सामना करते हुए सफलता हासिल की वे एक कर्मठ समाजसेवी थी जिन्होंने समाज के पिछड़े वर्ग खासतौर पर महिलाओं के लिए अनेक कल्याणकारी काम किए उन्हें उनकी मराठी कविताओं के लिए भी जाना जाता है उन्होंने विधवा पुनर्विवाह के लिए संघर्ष कर विधवा पुनर्विवाह की शुरुआत की, उन्होने लोगों से कहा कि हमें सावित्रीबाई फूले जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होने भारत सरकार से मांग की कि महात्मा जयोतिबा फुले एवं राष्ट्र माता सावित्रीबाई फूले को भारत रतन देकर उनकी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें ।










अंतर्राष्ट्रीय सैनी समाज जिला रेवाड़ी विंग जिला प्रशासन से मांग करती है हमारी कि महात्मा ज्योति राव फूले राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले की किसी भी एक चौराहे पर प्रतिमा स्थापित की जाए। इस मौके पर उपस्थित जिला उपाध्यक्ष श्री सुनील कुमार सैनी, श्री भगवान दास सैनी, श्री वेद प्रकाश सैनी, श्री राम अवतार सैनी, श्री मोनी सैनी, श्री राजेश सैनी आदि उपस्थित थे।

**टोंक।** देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की 192वीं जयंती मंगलवार को जिला मुख्यालय के महात्मा ज्योतिबाराव फुले छात्रावास महादेवाली परिसर में माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण और केक काटकर मनाई गई। माता सावित्री बाई फुले की 192वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत जिला माली समाज संरक्षक कमलेश सिंगोदिया, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता सैनी, फुले बिग्रेड महिला विंग जिलाध्यक्ष लक्ष्मी सैनी ने माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण और केक काटकर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता सैनी ने कहा कि शिक्षा में ही महिला ससशक्तिकरण का रहस्य छुपा हुआ है। सावित्री बाई फुले ने अपने पति के मार्गदर्शन में समाज सुधार हेतु महिलाओ को शिक्षा के लिये जागरूक किया तथा समाज में महिलाओं के प्रति व्याप्त अनेक रूढ़ीवादी प्रथा व सामाजिक बुराईयों के खिलाफ आवाज उठाई। आज उन्ही के बदौलत से महिलाएं शिक्षा, राजनीतिक, प्रशासनिक व अन्य क्षेढत्रों में बढचढ़ कर भाग लेते हुये देश सेवा में अपना योगदान दे रही है। माता सावित्रीबाई फुले की जयंती पर महिलाओं की कम संख्या पर बोलते हुए कहा कि पुरुष अपनी महिलाओं को घरों से बाहर निकाल कर कार्यक्रम में भागीदार बनाएं ताकि महिलाएं माता सावित्रीबाई फुले की जीवनी का अनुसरण करते हुए समाज में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भागीदार बने। राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड की महिलाविंग जिलाध्यक्ष लक्ष्मी सैनी ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले ने महिला शिक्षा को बढावा देने के लिये कई विद्यालयों की स्थापना की, उस दौरान समाज में व्याप्त सामाजिक बुराईयों, अंधविश्वास व रूढ़ीवादितता के कारण उन्हे कई कठिन परिस्थितियों का भी सामना करना पड़ा।

**टोंक।** जिला माली समाज संरक्षक कमलेश सिंगोदिया ने कहा कि महिला ओर पुरूष गाडी के दो पहियों की तरह है जैसे गाड़ी एक पहिये से नही चल सकती ऐसे ही समाज भी महिलाओं की भागीदारी के बिना आगे नहीं बढ सकता। जिस तरह से एक पुरूष की तरक्की के पीछे एक महिला का हाथ होता है उसी तरह महिलाओं को सामाजिक, शिक्षा, आर्थिक ओर राजनीतिक क्षेत्र में आगे लाने में पुरूषों के योगदान को भी नहीं नकारा जा सकता।



उन्होंने कहा कि महिलाओं के भागीदारी समाज के हर कार्यक्रम में हो इसके लिए वह हमेशा तन मन धन से साथ हैं आगामी दिनों में जो भी महिलाओं को बढ़ाने के लिए कार्यक्रम आयोजित होंगे उसमें पूरा सहयोग करेंगे।

जिला कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष व पार्षद राहुल सैनी ने कहा कि सैनी समाज के लोग को कैसे सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सके पर अपने विचार व्यक्त किये। समाजसेवी सुनीता सैनी ने कहा कि देश में महिला को सशक्त बनाने के लिये सबसे पहले समाज में अनेक अधिकार ओर मूल्यों को मारने वाले उन सभी राक्षसी सोच को मारना जरूरी है, जैसे दहेज प्रथा, अशिक्षा, कन्या भ्रुण हत्या असामानता, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा आदि जिसके कारण देश ओर समाज विकास ओर उन्नति में अपनी गति नहीं पकड पा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज को मजबूत बनाने के लिये महिलाओं को शिक्षित कर कन्या भ्रुण हत्या की रोकथाम का संकल्प लेते हुये समाज को विकास के पथ पर अग्रसर करना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर भैरू लाल सैनी, ग्राम पंचायत पासरोटिया सरपंच शंकर लाल कच्छावा, सदर माली समाज अध्यक्ष अचलेश सैनी, पूर्व सदर अध्यक्ष चौथमल निवाईवाल, सैनी समाज कर्मचारी-अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष रामविलास सैनी, रतिराम दिया, युवा मोर्चा तहसील अध्यक्ष नंदकिशोर सैनी, राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड टोंक जिलाध्यक्ष अजय सांखला, रामराज सारसवाल, महिला विंग से भारती सैनी, सोनिया सैनी, उर्मी सैनी, भारती सैनी, प्रियंका सैनी, हनुमान सैनी, रतनलाल सैनी, नवरत्न सैनी, गणेश सैनी आदि मौजूद रहे।

**बीकानेर।** भागीरथ नंदनी संस्थान व प्रज्ञा विद्या पीठ के संयुक्त तत्वावधान में गोगागेट स्थित माली समाज भवन में सावित्रीबाई फुले की 192वीं जयंती की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। भागीरथ नंदनी के अध्यक्ष मिलन गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री डॉ. मदनगोपाल मेघवाल, डॉ. विमला मेघवाल, आईपीएस शालिनी बजाज रहे। विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश ओबीसी उपाध्यक्ष हुकुमचंद कांटा, निहालसिंह सैनी, चंद्रप्रकाश शर्मा, कांग्रेस देहात महिला अध्यक्ष राजकुमारी व्यास, कांग्रेस प्रदेश सचिव उमा सुथार, देवकिशन गहलोत रहे। अध्यक्ष गहलोत ने बताया कि अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण व बालिकाओं के विकास संबंधी विचार व्यक्त किए। इस दौरा माता सावित्री बाई फुले को पुष्प अर्पित कर समाज की समृति में दिए गए अवदानों का स्मरण किया।

सम्मान समारोह में सुनीता भोजक, आशा स्वामी, मुमताज शेख, कौशल्या सुथार, सुनीता पुरोहित, नेहा कल्ला, सरोज पुरोहित, राजू देवी, आरती अरोड़ा, अंजलि पंवार, चंचल सांखला, भगवती स्वामी, किरण स्वामी, मुमताज बानो, शबनम बानो, ममता गहलोत, गुनगुन सोलंकी, जयश्री तंवर, ज्योति गहलोत, कुसुम कच्छावा, मनीषा गहलोत, जयश्री टाक, शालू सोलंकी, लता खडगावत, रितिका गहलोत, मोनिका

परिहार, प्रीति गहलोत, मंजू टाक, किरण स्वामी, लक्ष्मी स्वामी, प्रिंसी, रेखादेवी रंगा, खालिदा बानो, अफसाना पठान, प्रिया शर्मा, भावना, मंजू टाक, सपना तंवर इनका सम्मान हुआ। आयोजन में चांदमल भाटी, अशोक कच्छावा, राजकूमार खडगावत, आशुराम कच्छावा, महेंद्र व्यास, कैलाश गहलोत, भंवरलाल बड़गुजर, धनसुख आचार्य, यशवंत गहलोत, बाबूलाल सैनी, पूनमचंद सैनी, गिरिराज किराडू अशोक सेन, महावीर मार्ग, श्रवण गहलोत उपस्थित रहे।

**पुष्कर।** महात्मा ज्योतिबा फुले सावित्रीबाई फूले सर्किल विकास समिति के तत्वावधान में तिलोरा रोड स्थित सर्किल पर राष्ट्र की पहली महिला शिक्षिका एवं समाज सेविका सावित्रीबाई फुले की 192वीं जयंती समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफ संबोधित करते हुये कहा कि सावित्रीबाई फूले ने महिला शिक्षा के साथ महिला अधिकारों पर जोर दिया है जिसके परिणामस्वरूप ही आज महिलाएं हर क्षेत्र में सर्वोच्च पदों तक पहुंच रही है। महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय जागृति मंच के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ताराचंद गहलोत ने कहा महाराष्ट्र में जन्मी कि सावित्रीबाई फुले की जयंती को पूरे भारत में मनाया जा रहा है फुले दंपति द्वारा किए गए कार्यो की 36 कौम के लोग सराहना कर रहे हैं। समिति के उपाध्यक्ष अजय अजय सैनी ने ज्योतिबा फुले बोर्ड के गठन, महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम से छात्रावास की स्थापना तथा सावित्रीबाई फुले के नाम से बालिका कन्या विद्यालय का नामकरण करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में खटीक महासभा के अध्यक्ष छीतरमल टेपण, समाजसेवी जगदीश कुर्डिया, पार्षद गोपाल तिलानिया, ग्राम पंचायत बांसेली के सरपंच ओम प्रकाश पंवार, वरिष्ठ कांग्रेसी बाबूलाल दगदी, सत्यनारायण भाटी, राजेंद्र महावर, रूपचंद मारोठिया, पूर्व जिला परिषद सदस्य मदन सिंह रावत, पंचायत समिति सदस्य हंसराज वैष्णव, संजय जोशी, दामोदर मुखिया, बाबूलाल महावर, सत्यनारायण भाटी, पूनमचंद सत रावला, मालियान नवयुवक मंडल अध्यक्ष सीताराम सतरावला, सूरज दग्दी, राहुल उबाना, टीकम चौहान सहित सैकड़ों की संख्या में पुष्करवासी उपस्थित रहे ।

**नवलगढ़।** नवलगढ़ के सैनी छात्रावास में मंगलवार को सैनी समाज संस्था की ओर से सावित्री बाई फुले की 192 वीं जंयती के मौके पर प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित हुआ। चिड़ावा चेयरमैन सुमित्रा सैनी मुख्य अतिथि थीं। संस्था के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सैनी फूलवाला ने अध्यक्षता की। पूर्व जिला उपप्रमुख बनवारीलाल सैनी, भाजपा नेता रवि सैनी, उदयपुरवाटी चेयरमैन रामनिवास सैनी, सुचना एव जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह सैनी, डॉ. श्रवण कुमार सैनी, बंजर एव चारागाह बोर्ड के सदस्य ताराचंद सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मावडिया, पूर्व चेयरमैन रिछपाल सिंगोदिया, पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी, सैनी समाज समिति झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष राजेश सैनी अडुका, सैनी समाज संस्था के पूर्व अध्यक्ष मनीराम जगुका, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, पूर्व अध्यक्ष हरीराम सैनी, पूर्व अध्यक्ष गजानंद सैनी, डश्व. नवल सैनी, दुर्गाप्रसाद सैनी, रामलाल, पूर्व अध्यक्ष गजानंद सैनी, शिक्षाविद् महेन्द्र शास्त्री, मुरारीलाल सैनी, डॉ. नवलकिशोर सैनी, एसीबीईओ महेंद्र कुमार सैनी, पूर्व सरपंच भूदरमल सैनी, पूर्व सरपंच प्रियंका सैनी, प्रभातीलाल सैनी, मूलचंद सैनी, खेतड़ी कांग्रेस के ब्लश्वक अध्यक्ष गोकुलचंद सैनी मंचस्थ अतिथि थे। संस्था अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सैनी के नेतृत्व में मंचस्थ अतिथियों को का स्वागत किया गया । उत्कृष्ट कार्य करने वाली 300 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम संचालन डॉ. विनोद सैनी ने किया।

### समाज के नवनियुक्तन्यायिक अधिकारियों को किया सम्मानित

**कुरूक्षेत्र।** सैनी समाज सभा कुरुक्षेत्र की ओर देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम कर उन्हें याद किया। साथ ही सभा की ओर से हरियाणा में समाज के नवनियुक्त न्यायिक अधिकारियों को सम्मानित किया। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर सांसद नायब सिंह सैनी ने शिरकत की। सावित्री बाई फुले के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। सांसद ने कहा कि देश में महिलाओं को शिक्षा का अधिकारी दिलाने वाली माता सावित्री बाई फुले के दिखाए रास्ते पर चलकर शिक्षित बनकर ही समाज की तरक्की हो सकती है। सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी ने कहा कि शिक्षा के दम पर समाज आर्थिक- सामाजिक हर स्तर पर उन्नत बनता है। नवनियुक्त न्यायाधीश आकांक्षा सैनी, विरेंद्र सैनी के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर भोपाल में गोल्ड मेडल जीतने वाली सुदेश सैनी को समाज की ओर से सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व सांसद गुरदयाल सिंह सैनी, लाडवा के पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, सभा के वरिष्ठ उप प्रधान सत्यवान सैनी, उप प्रधान जोगिंद्र बारवा, महासचिव अवतार सिंह, सह सचिव श्यामलाल सैनी, स्तर पर भोपाल में गोल्ड मेडल जीतने वाली सुदेश सैनी को समाज की ओर से सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व सांसद गुरदयाल सिंह सैनी, लाडवा के पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, सभा के वरिष्ठ उप प्रधान सत्यवान सैनी, उप प्रधान जोगिंद्र बारवा, महासचिव अवतार सिंह, सह सचिव श्यामलाल सैनी, कोषाध्यक्ष दर्शनलाल सैनी सैनी शिक्षा समिति के प्रधान सुरेशपाल सैनी, सभा के पूर्व प्रधान बलजीत सैनी, पूर्व सचिव कुशलपाल सैनी, गुरनाम सिंह गजलाना, नैब सिंह पटाकमाजरा, करनैल सिंह, बृजलाल सैनी, गुरमीत कलालमाजरा, अंग्रेज सिंह व अमर सिंह जैनपुर मौजूद रहे।

### महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान का शुभारंभ

**भीनमाल।** माली समाज युवा संस्थान के तत्वाधान में माली समाज छात्रावास में महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतियोगिता प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रतियोगिता प्रशिक्षण संस्थान का उद्‌घाटन मंगलवार को माली समाज छत्रावास भवन में किया गया। उद्‌घाटन से पूर्व अतिथियों द्वारा सावित्रीबाई फुले के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश गोपाल सैनी ने कहा कि भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के जयंती पर इस तरह के संस्थान का उद्‌घाटन होना गौरव की बात है। सैनी ने कहा कि हमें भी सावित्रीबाई फुले के पद चिन्हों पर चलते हुए शिक्षा के क्षेत्र में बालिकाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरदम तत्पर रहना होगा तभी बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार सोलंकी ने कहा कि प्रशिक्षण संस्थान जिसमें विभिन्न भर्तियों हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए माली समाज के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु प्रतियोगिता प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने का जो निर्णय लिया है वह बहुत ही सराहनीय है इससे समाज शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा आगे बढ़ेगा तथा शिक्षा से वंचित समाज के हर वर्ग के लोग अब सीधे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे।

पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जेरुपाराम माली ने कहा कि विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुरूप हर प्रकार की सामाजिक सहायता प्रदान की जायेगी। इस मौके पर भारताराम सुंदेशा, बाबूलाल सुन्देशा, सुरेश कुमार सोलंकी, भँवरलाल सोलंकी (भीरू ग्रुप), दीपाराम सांखला, किस्तूराराम सोलंकी, सरथाराम सांखला, हंजारीमल परमार, भलाराम सुंदेशा, बाबूलाल सुंदेशा, छगनलाल सांखला, सुरेश परमार, भाजपा नगर अध्यक्ष महेंद्र सोलंकी, किशोर सुंदेशा, ओमप्रकाश सुंदेशा, अशोक परिहार, ओम प्रकाश सांखला, डॉ प्रकाश गहलोत, गजाराम सुन्देशा, नरेश कुमार सोलंकी, छगनलाल पंवार, मोटाराम परिहार, अशोक टी परमार, ओमप्रकाश परमार, किशोर सांखला, किशोर कुमार सोलंकी, जगदीश कुमार, जोगेंद्र सिंह सहित कई समाजसेवी एवं शिक्षाविद मौजूद रहें।



# इंदौर में संपन्न माली सैनी समाज के शिक्षा सेमिनार में 150 प्रतिभाएं सम्मानित, केरियर दिग्दर्शिका का विमोचन भी हुआ



इन्दौर। नौजवानों को आगे बढ़ाने के लिए हमें हमेशा तैयार रहना होगा। जीवन में कभी असफला से निराश न हो, असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने जन नायिक मां सावित्री फुले शिक्षा व समाज विकास संस्थान इन्दौर द्वारा जाल सभागृह में आयोजित शिक्षा संस्कार सेमिनार एवं राज्य स्तरीय माली सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

इस अवसर पर विजयीवर्गीय ने कहा कि असफलता मिलने पर फिर उठिए, फिर चलिए, फिर लक्ष्य के साथ समर्पण भाव से आगे बढिये, कार्य सफलता अवश्य मिलेगी। विधायक श्री रमेश मेंदोला आदि ने भी सम्बोधित किया। अतिथियों ने समाज की 150 प्रतिभाओं को शील्ड एवं प्रस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उज्जैन के पूर्व सभापति सोनू गेहलोत ने कहा कि केरियर मार्ग दर्शन का आयोजन करना एक सराहनीय पहल हैं। अनेक महापुरुष ऐसे हैं, जिन्होंने कहां तक शिक्षा प्राप्त की यह किसी को पता नहीं है, लेकिन उनके नाम पर युनिवर्सिटी चल रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा फूले, सावित्री बाई फुले, एवं संत श्री लिखमीदास महाराज की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर किया। चाणक्य इंस्टिट्यूट के राजू सैनी (स्टेशन मास्टर) ने केरियर मार्गदर्शन के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण कछावा ने किया। आभार जितेन्द्र मावर ने माना। कार्यक्रम के सूत्रधार समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम सैनी (शीतल गजक) ने संस्था की जानकारी देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने अतिथियों का शील्ड एवं दुपट्टा पहना कर सम्मान किया। इस अवसर हिम्मत बागड़ी, अशोक देवड़ा, यादव प्रसाद बनासिया ने उज्जैन से सभी बच्चों को वाहन से ले जाकर सम्माननित कराया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे।

इस असर पर समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तमजी सैनी शीतल गजक, उपाध्यक्ष मोहन पटेल जावरा, सचिव विमल सैनी, अनिल सैनी भंवरीलाल मिठाई वाले, राजेन्द्र सैनी मसाले वाले, राजू सैनी स्टेशन मास्टर, भेरूलाल सैनी, सत्यनारायण कछावा उज्जैन ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया।

**मुख्य रूप से ये हुए शामिल :** कैलाश विजयवर्गीय भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री, रमेश मदोंला, मधु वर्मा, समाजसेवी रामकिशन सैनी, माली सैनी समाज के जीपी माली, सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर भोपाल, प्रदेशाध्यक्ष गजानंद भाटी, मारवाड़ी माली समाज भोपाल, राधाकिशनजी तंवर सचिव संत श्री लिखमीदास और समाजसेवी प्रहलाद सैनी जयपुर, पारामजी गेहलोत जोधपुर, रामचन्द्र भाटी खालवा, कैलाशजी सुमन राघौगढ़।

डॉ. अमितजी मालाकार, सीएमओ इंदौर, डा/. जितेन्द्र सैनी, पर श्री भवानीराम सांखला पुंजापुरा, राहुल सांखला खातेगांव, नवीन चौहान बदनावर, इंदौर से रणवीर दग्दी श्याम मंडावरा, सत्यनारायण आजाद, सतीश सैनी, भगवती प्रसाद बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे।

**ये समाजजन हुए शामिल**

इस अवसर पर जगदीश पुष्पद राजगढ़, हीरालाल माली आक्या उमाहेडा, राजेश बिंदवा हाटपीपलिया, रमेशचंद गेहलोत, स्वामीनारायण माली, रामलाल माली अमीराजपुर, विनोद माली दयाराम माली, कुक्षी, गजानंद सैनी, ब्रजकिशोर सैनी चाचोड़ा, राजू सैनी, शेखर रावल, अनिल सैनी, देवेन्द्र मावर, रुपचन्द चौहान इन्दौर, कैलाश सैनी, जितेन्द्र सैनी, राहुल सैनी खातेगांव, सुरेश सुमन मलावर, अजय सैनी, हिम्मत बागड़ी, लीलाधर भाटी, रमेश सांखला, रमेश गेहलोत, अशोक देवड़ा, बालकिशन कुशवाह, रवि गेहलोत उज्जैन उपस्थित रहे।



# 80प्रतिशत असक्षमतो के बावजूद दिव्यांग शिवराज सांखला अनेकों उपलब्धियां की हासिल, अकादमी में युवाओं को सीखा रहे है निशानेबाजी

**रुकावटें आती है सफलता की राहों में यह कौन नहीं जानता, फिर भी वह मंजिल पा ही लेता है जो हार नहीं मानता...**



मेड़ता सिटी नागौर। रुकावटें आती है सफलता की राहों में यह कौन नहीं जानता, फिर भी वह मंजिल पा ही लेता है जो हार नहीं मानता... यह पंक्तियां चरितार्थ होती है मेड़ता के दिव्यांग शूटर शिवराज सांखला पर। दोनों पैरों से 80 प्रतिशत तक असक्षम होने के बाद भी कभी खुद को कमजोर नहीं समझा। लक्ष्य एक शूटर बनने का था। जब उनको यह शौक चढ़ा था परिजनों की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि ट्रेनिंग दिलवा सके या संसाधन मुहैया करवा सके। फिर भी पाई-पाई जोड़कर दिव्यांग शिवराज को पिस्टल दिलाई ताकि शूटिंग में अपने सपने पूरे कर सके। आज शिवराज ने वो कर दिखाया। इस दिव्यांग खिलाड़ी को सफलता इस कदर मिली कि सरकारी नौकरी होने के बावजूद अभी भी नई गर्वमेंट जॉब के ऑफर्स आ रहे हैं।

यह कहानी है अलग-अलग पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में राज्य व नेशनल स्तर पर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाने वाले दिव्यांग मेड़ता सिटी निवासी शिवराज सांखला की। शिवराज ने बताया कि बचपन में पिता का साया उठने के बाद मां ने घरों में काम करके तीन भाइयों को पाला। भाईयों ने मजदूरी करके आगे बढ़ने का हौसला देने के साथ खुद ने पढ़ाई छोड़ कर स्कूल भेजा। कर्ज लेकर पिस्टल दिलाई। अब दिव्यांग की पिस्टल से निकला हर निशाना गोल्ड या सिल्वर पर लग रहा है। 14 अगस्त 2016 को पहली बार जयपुर के जगतपुरा शूटिंग रेंज में आयोजित प्रतियोगिता में शिवराज ने सिल्वर मेडल पर निशाना साधा। इसके बाद तो जैसे निशाने लगते गए। उल्लेखनीय है कि शिवराज को कई साल पहले केन्द्रीय विश्व विद्यालय बांदर सिंदरी में दिव्यांग कोटे में नौकरी का मौका मिला। लेकिन खेल में कुछ कर दिखाकर अपने परिवार के सपनों को साकार करना चाहता थे। इसी कारण उन्होंने नौकरी करने की बजाए परीक्षा व निशानेबाजी की तैयारी करना शुरू कर दिया। अब शिवराज मेड़ता में खुद एक शूटिंग एकेडमी भी चलाते हैं।

रोज 5 घंटे की प्रेक्टिस करते हैं शिवराज शिवराज के कोच ने बताया कि शिवराज दोनों पैरों से 80 प्रतिशत असक्षम होने के बाद भी रोजाना 5 घंटे की शूटिंग प्रैक्टिस करते हैं। अगर राज्य सरकार व खेल मंत्री की ओर से शिवराज को स्पॉन्सरशिप मिल जाए तो आने वाले पैरा ओलंपिक क्वालीफाई टूर्नामेंट में ओलंपिक कोटा हासिल करके वे और भी मेडल लाकर राज्य और देश का मान बढ़ा सकते हैं।

**फिर एक बार नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में जीता गोल्ड**

शिवराज ने 16 से 20 दिसंबर तक मध्यप्रदेश के आर्मी मार्कशीप यूनिट रेंज महू में आयोजित तीसरी पेरा नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग राज्यों के निशानेबाजों ने भाग लिया। सभी ने अपनी शारीरिक और मानसिक शक्ति का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में शिवराज ने 50 मीटर पिस्टल शूटिंग में हिस्सा लेते हुए प्रथम स्थान पर रहकर गोल्ड मेडल जीता। शिवराज के कोच सतपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि अब तक के शूटिंग कॅरियर में शिवराज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा।

अब इस जीत के बाद सरकारी नौकरी का मिला ऑफर लेकिन पहले से लगी हुई है जॉब इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जितने के बाद अब राज्य सरकार की ओर से शिवराज सांखला को 2 लाख रुपए का नकद अवॉर्ड दिया जाएगा। वहीं ऑउट ऑफ टर्न से बिना पारी गवर्मेन्ट जॉब प्रदान की जानी है। लेकिन पिछले साल शिवराज की जून माह में ही शासन सचिवालय जयपुर में ग्रेड सेकेंड क्लर्क की जॉब लग गई। शिवराज को इसके अलावा भी कई सरकारी जॉब्स के ऑफर आ रहे है। दिव्यांग युवा शिवराज की जीवनी से प्रेरित हो युवाओं अगर अपने लक्ष्य जी जान लगा दे तो कोई भी काम नामुमकिन नही हैं। हमें युवा शिवराज की उपलब्धियों पर गर्व है।





### उत्कर्ष के निर्मल गहलोत ने ऑन लाईन लाईव टेलिकॉस्ट में विद्यार्थियों को किया मोटिवेट

# समाज का उत्थान करना हे तो नुक्ता प्रथा, बाल विवाह, नाता प्रथा, दहेज प्रथा को जड़ से मिटाना होगा – जस्टिस देवेन्द्र कच्छवाहा

## कार्यक्रम में 300 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान, समाज के बालक बालिकाओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

टोंक। 23 जनवरी 2023 को टोंक में जिला स्तर का बहुत बड़ा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण एवं विकास संस्थान टोंक द्वारा प्रथम प्रतिमा सम्मान समारोह का कार्यक्रम महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास महादेवाली टोंक में हुआ जिसमें मुख्य अतिथि समारोह के उद्घाटन जस्टिस देवेंद्र कच्छाहावा अध्यक्ष राजस्थान उपभोक्ता विविद प्रतिलोप आयोग रहे कार्यक्रम में निर्मल गहलोत संस्थापक उत्कर्ष कोचिंग क्लासेज ने सभी अतिथि व प्रतिभाओं को ऑनलाइन संबोधित किया और प्रतिभाओं को बताया कि हमेशा व्यक्ति के मन और दिमाग में दो मैनेजर होते हैं मिस्टर यस और मिस्टर नो मिस्टर यश सकारात्मक की ओर ले जाता है और मिस्टर नो नकारात्मक की तरफ इसलिए हमेशा मिस्टर यश को अपने दिमाग में रखना चाहिए ताकि हम भविष्य में आगे बढ़े और लगातार मेहनत करते रहें जिससे हमें मेहनत करने से हमारी मंजिल अवश्य मिलेगी मिस्टर नो को दिमाग से निकालना होगा और सफल होना है तो विद्यार्थियों को समय को ध्यान में रखते हुए समय के अनुसार रात्रि में 10.00 बजे सोना और सुबह 5.00 बजे उठना जरूरी है समय-समय पर अच्छी नींद लेना भी बहुत जरूरी है और आगे बढ़ना है तो मिस्टर यश को दिमाग में बिठा कर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहना चाहिए। अध्यक्षता कनिष्क सैनी अतिरिक्त जिला कलेक्टर शंकर लाल सैनी अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ राम अवतार सैनी सहादात अस्पताल टोंक, डॉक्टर अभिषेक छारोदिया हाउसिंग बोर्ड टोंक डॉक्टर शंकर लाल सैनी जयपुर, डॉक्टर सुरेश सैनी सहायत अस्पताल टोंक, डॉ. अनीता सैनी सीताराम कटारा कमलेश सिंगोदिया, सुरेश सैनी प्रदेश अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी संघ राजस्थान जयपुर आयोजन समिति अध्यक्ष रामविलास सैनी अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी संघ टों, एडवोकेट कैलाश सैनी, शिवरतन अजमेरा कमलेश सोलंकी, सीताराम सोलंकी, राम अवतार सैनी ने मंच संचालन किया बालमुकुंद सैनी पांचू लाल सैनी बनवारीलाल सैनी प्रभुलाल सैनी, तेजपाल सैनी, अजय सैनी, नवरत्न सैनी नरेंद्र सैनी महेंद्र सैनी कमलेश सैनी विधि चंद सैनी कन्हैयालाल सैनी चिरंजी लाल सैनी, लोकेश सैनी अशोक सैनी कैलाश सैनी, सहित अधिकारी कर्मचारी एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

जस्टिस देवेन्द्र कच्छवाह ने अपने उद्बोधन में समाज में व्याप्त कुरीतियों, दहेज प्रथा, नुक्ता प्रथा, बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गो को शिक्षित करने के लिए हम सभी कतृ संकल्पित होकर कार्य करें। आज समाज की प्रतिभाओं ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से माता पिता के साथ समाज को गौरवान्वित किया है साथ ही माता सावित्री बाई एवं महात्मा फुले के दिखाएं शिक्षा के मार्ग को चुन कर सफलता पाई है उसके लिए सभी का अभिनंदन, आप सभी आधुनिक शिक्षा के साथ तकनीकी शिक्षा में भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार के अनेकों अवसर प्राप्त कर सकते है। इस प्रथम भव्य आयोजन के लिए सभी को हार्दिक बधाई प्रेषित करता हूं।

इस अवसर पर कक्षा 10 के 89, कक्षा 12 के 89, खेल जगत के 31 और नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कुल 320 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया रहे जिसमें समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं खेल जगत प्रतिभावान राजकीय सेवा नवनियुक्त कर्मचारी, अधिकारी सामाजिक क्षेत्र में राज्य स्तर पर सम्मानित हुए समाजसेवी, का सम्मान किया। सामाजिक व खेल क्षेत्र में समाज के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह के अंतर्गत सम्मानित किया गया लगातार कार्य कर रहे है जिसे देखकर समाज द्वारा मोमेंटो प्रमाण पत्र देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया है।











1 मिनट में 5 साफा बांध राहुल ने बनाया था रिकॉर्ड, 14 वर्ष की उम्र से बांध रहे साफा, 10 हजार बच्चों को दे चुके ट्रेनिंग

# युवा दिवस पर लिम्का बुक रिकॉर्डधारी युवा राहुल भाटी ने 1 घंटे में 700 से ज्यादा युवाओं को सिखाया साफा बांधना




जोधपुर। 14 साल की उम्र से साफा बांधने में माहिर राहुल ने स्वामी विवेकानंद जयंती और युवा दिवस पर पहली बार निः शुल्क साफा प्रशिक्षण का आयोजन गुरुवार को अमृतलाल स्टेडियम नयापुरा में किया। दोपहर 3 से 4 बजे तक हुए आयोजन में 700 से ज्यादा युवाओं को साफा बांधना सिखाया। इसमें मंडोर की 5 से ज्यादा स्कूलों के बच्चों ने भी भाग लिया। वहीं सेवानिवृत्त डीवाईएसपी कल्याण सिंह, डॉ. जगन्नाथ सिंह गहलोत, नरपतसिंह भाटी, राजेंद्र परिहार, संजय कच्छवाहा और विजयसिंह परिहार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे।

इसमें मां भारती विद्या मंदिर, विलियम्स अकेडमी सी.सै. स्कूल, महात्मा गांधी स्कूल चौनपुरा, शिवराम नत्थुजी टाक पूंजला स्कूल और मां शारदा विद्या पीठ विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लेकर साफा बांधना सीखा।

**नयापुरा का अमृतलाल स्टेडियम केसरिया रंग में रंगा :** राहुल ने निशुल्क साफा प्रशिक्षण के आयोजन से पूर्व रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की। इसमें शर्त रखी थी कि जो भी इस प्रशिक्षण शिविर में आएगा, उसे अपने साथ केसरिया रंग का साफा लाना अनिवार्य होगा। सभी लोग अपने साथ केसरिया साफा लेकर आए। शाम को जब स्वागत सत्कार के साथ शिविर शुरू हुआ, तब नयापुरा का अमृतलाल स्टेडियम केसरिया रंग में नजर आया।

**राहुल ने 2008 में अपने ताऊजी से सीखा था साफा बांधना :**

राहुल ने एक मिनट में पांच जोधपुरी साफे बांधकर पहले गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड और फिर लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया। गुरुवार को स्कूली बच्चे व युवाओं के साथ बुजुर्गों ने भी साफा बांधना सीखने में उत्साह दिखाया। राहुल बताते हैं कि वर्ष 2008 में विजयसिंह पंवार व अपने ताऊजी डॉ. जगन्नाथ सिंह से ट्रेनिंग ली। राहुल 30 प्रकार के साफे बांध सकते हैं।

आज से 15 साल पहले मंडोर निवासी राहुल भाटी के एक रिश्तेदार की शादी थी। बारात में जाने के लिए सभी साफा पहनने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन साफा बांधने वाला किसी कारण समय पर नहीं आ सका। ऐसे में तब 14 साल के राहुल ने बड़ी खूबसूरती से खुद अपना साफा बांधा। तब से उसे साफा बांधने का शौक लग गया। यह शौक इस कदर जुनून में बदला कि साफा बांधने का वर्ल्ड रिकार्ड ही बना दिया। उसने ठाना कि शादी या मांगलिक समारोह में किसी व्यक्ति को साफा बांधने वाले व्यक्ति को तलाशना नहीं पड़े। इसलिए उसने स्कूलों और आर्य समाज के कैंप में जाकर बच्चों को साफा बांधने का हुनर सीखा शुरू कर दिया था। हंसमुख स्वभाव के धनी युवा राहुल भाटी अपने मृदुव्यवहार एवं मिलनसारिता के चलते सभी के चहेते है और अनेकों आयोजनों में अपनी सेवाएं प्रदान करते है। हम युवा राहुल भाटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका आभार एवं अभिनंदन प्रकट करते है।



55 लाख रूपएकी जॉब छोड़ युवाओं का कॅरयिर बनाने में जुटे नागौर के सतीश
10 वर्षो में अब तक अहमदाबाद में 100 से अधिक बच्चों की फीस खुद दे चुके है।

# अभय के माध्यम से सतीश कुमार टाक ने फिर बढ़ाया नागिना का मान गुजरात के मुख्यमंत्री ने किया सम्मान

**मिठाई की दुकान पर समोसा गुलाब जामुन बेचते हुए गणित विषय में आई रूचि तो चाचा कमल किशारे ने किया प्रोत्साहित**



नागौर। आईआईएम बैंगलोर द्वारा 27 नवंबर 2022 को आयोजित कैट 22 ने आईआईएम और अन्य शीर्ष बी स्कूलों में प्रवेश के लिए 21 दिसंबर को शाम 5 बजे परिणाम घोषित किया है। पूरे भारत में 2.55 लाख में से 2.22 लाख छात्र परीक्षा में शामिल हुए हैं, जिन्होंने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। 100 पर्सेंटाइल पाने वाले 11 छात्रों में 1 छात्र गुजरात का है जिसे 100 पर्सेंटाइल मिले हैं।

2 जनवरी, 2023 को गुजरात के सीएम भूपेंद्र भाई पटेल ने टाइम गुजरात कैट 22 के टश्वपर्स और उनके गुरु सतीश कुमार से मुलाकात की और उन्हें उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी। साथ ही गुजरात के मुख्यमंत्री ने अपने सीएमओ गुजरात के हैंडल से ट्वीट किया है।

इसमें नागौर जिले के ताऊसर गांव के निवासी सतीश कुमार महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है टाइम कोचिंग इंस्टिट्यूट के गुजरात स्टेट हेड के प्रभारी के रूप में सतीश स्टेट के मुख्यालय अहमदाबाद में कार्यभार देख रहे हैं । सतीश ने सालाना 55 लाख की नौकरी छोड़ CAT के छात्रों को MBA के लिए IIM जैसे शीर्ष कॉलेजों में तैयार करना शुरू किया ।

TIME गुजरात के निर्देशक सतीश कुमार जिन्होंने खुद IIM कलकत्ता से पढ़ाई की है ने कहा है। अभय गोयल का 100 परसेंटाइल लाना पूरे गुजरात के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। अभय गोयल की सफलता से न केवल गुजरात बल्कि राजस्थान के छात्र भी प्रेरणा लेंगे।

गुजरात के एक छोटे से कस्बे भरूच के रहने वाले अभय गोयल को 100 पर्सेंटाइल मिले हैं। उन्होंने भरूच से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है और IIT मुंबई से स्नातक की पढ़ाई पूरी की है। वर्तमान में बेंगलुरु में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। आगे अभय गोयल और 25 अन्य छात्र, सतीश सर मेंटरशिप के तहत, जिन्हें 99 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त हुए हैं, IIM अहमदाबाद, IIM बैंगलोर और IIM कलकत्ता जैसे शीर्ष MBA कॉलेजों में प्रवेश पाने के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार की तैयारी कर रहे हैं। सतीश सर ने गुजरात और राजस्थान के 5000 से अधिक कैट छात्रों का मार्गदर्शन किया है। मूल रूप से ताऊसर, नागौर राजस्थान के रहने वाले सतीश सहित अभय और अन्य विद्यार्थियों का गुजरात के मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय में भावभीना स्वागत किया। भूपेंद्र भाई पटेल ने इस संबंध में सतीश से चर्चा करके उनके गांव तथा जिले के संबंध में भी जानकारी ली।



## माली (सैनी) समाज कर्नाटक बेंगलुरु के नववर्ष कैलेंडर का विमोचन



बेंगलुरु। माली (सैनी) समाज कर्नाटक बेंगलुरु के नववर्ष-2023 कैलेंडर का विमोचन एवं कार्यकारिणी की बैठक हुलिमाऊ स्थित समाज भवन में सम्पन्न हुई, इस अवसर पर समाज के संरक्षक घनश्याम सांखला, अध्यक्ष सज्जनराज सांखला, मंत्री प्रकाश तँवर, सह कोषाध्यक्ष थानाराम भाटी,प्रचार प्रसार मंत्री रूपेश सोलंकी, सांस्कृतिक मंत्री उत्तम पँवार, सह सांस्कृतिक मंत्री कानाराम पालड़िया, संगठन मंत्री जगदीश चौहान, सह संगठन मंत्री शैतानराम दगदी, मन्दिर एवं भवन निर्माण कमेटी सदस्य रुघाराम सांखला, सुखराज चौहान,दिनेश चौहान, कार्यकारिणी सदस्य सम्पतराम भाटी, पुखराज पालड़िया, जबराराम सोलंकी, अशोक सुंदेशा, रूपाराम भाटी, ओगडराम चौहान, माली (सैनी) युवा संगठन के अध्यक्ष नरेश चौहान सहित समाज के विशिष्ट बन्धु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में भवन एवं निर्माण की समीक्षा की गई तथा समाज के विकास के लिये विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

# जिला स्तरीय नववर्ष स्नेह मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न

झुंझुनू । सैनी समाज झुंझुनू का जिलास्तरीय नववर्ष स्नेह मिलन समारोह होटल शिवांता, मठ बगड –झुंझुनूं मार्ग पर संपन्न हुआ । महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



सभी समाज बंधुओं ने एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए समाज के राजनीतिक उत्थान हेतु विचार मंथन किया कार्यक्रम संयोजक महेंद्र शास्त्री एवं कांग्रेस के प्रदेश कार्डिनेटर मुरारी सैनी ने बताया कि स्नेह मिलन कार्यक्रम में खेतड़ी के पूर्व विधायक पूरणमल सैनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता बनवारीलाल सैनी, पूर्व प्रधान भगवानाराम सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मांवडिया, रवि सैनी नवलगढ़, उदयपुरवाटी चेयरमैन, रामनिवास सैनी, भामाशाह सुरेंद्र सैनी, पूर्व सरपंच सिंघाना श्रीमती अरुणा सैनी, कर्नल सैनी, पूर्व सरपंच मूलचंद सैनी पौंख, पूर्व सरपंच मोहनलाल सैनी, मदनलाल सैनी गोठडा, डॉ के. सी. सैनी, एडवोकेट मोतीलाल सैनी उदयपुरवाटी, तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवकरण सैनी, जीटी कॉलेज के निदेशक सहदेवसिंह सैनी, डॉ के.सी. सैनी एसके कॉलेज, रामलाल सैनी बागोरा, एनआरआई के प्रदेश सचिव अशोक सैनी, जिला पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद सैनी, सेवानिवृत्त उपनिदेशक डॉ सुरेन्द्रसिंह सैनी, पीडब्ल्यूडी के कैलाशचंद्र सैनी, सैनी मंदिर संस्था,झुंझुनूं के अध्यक्ष रतनलाल सैनी, भाजपा जिलामंत्री श्रीमती मंजू सैनी, विमल सैनी, व्याख्याता घनश्याम सैनी, पुरुषोत्तम सैनी अशोकनगर, सुभाष मावंडिया, सामाजिक कार्यकर्ता दीनदयाल सैनी, भामाशाह सुरेन्द्र कलवानियां, मदनलाल सैनी, सरपंच जतनकिशोर सैनी, किशोर सैनी, बेनीप्रसाद सैनी पार्षद खेतड़ी, महावीर प्रसाद सैनी पार्षद खेतड़ी, वरिष्ठ पार्षद बुधराम सैनी झुंझुनू, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक सैनी खेतड़ी, सुमेरसिंह सैनी बड़ागांव, राजेंद्र प्रसाद सैनी सरपंच बड़ागांव, ओमप्रकाश सैनी बड़ागांव, बैंक ऑफिसर मोहनलाल सैनी बड़ागांव, मदनलाल सैनी उदयपुरवाटी, श्यामसुन्दर सैनी, उदयपुरवाटी, अध्यापक नरसाराम सैनी, भंवरलाल राजोरिया, आदर्शनगर, वरिष्ठ पार्षद श्रीमती सुधा पंवार, झुंझुनू, राहुल पवार झुंझुनू, रामजी सैनी झुंझुनू, सीताराम सैनी, सुरेंद्रकुमार सैनी, छोटेलाल सैनी नवलगढ, केशवदेव सैनी नवलगढ़, सैनी कर्मचारी अधिकारी जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश धूपिया झुंझुनू, वरिष्ठ पार्षद शिवलाल सैनी चिड़ावा, सामाजिक कार्यकर्ता श्री जयकरण सैनी कायस्थपुरा, प्रहलाद राय सैनी, निशांत सैनी अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा पिलानी, झुंझुनूं अस्पताल के निदेशक डॉ कमलचन्द सैनी, लीलाधर बिश्नोलिया पिलानी, रमेश सैनी सामाजिक कार्यकर्ता, लालचंद सैनी पूर्व पंचायत समिति सदस्य बुडाना, नेकीराम धूपिया अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान, राधेश्याम सैनी सेवानिवृत्त ओए नवलगढ़, राष्ट्रीय सैनी सभा के भरत सैनी झुंझुनू, डॉ रमेश कुमार सैनी वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी झुंझुनू, व्याख्याता ललित कुमार सैनी, सतीश कुमार सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता, महेश कुमार, राष्ट्रीय सैनी सभा अध्यक्ष अजय सैनी, शीशराम राजोरिया, पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सैनी नवलगढ, उपप्राचार्य विनोद सैनी, व्याख्याता दिलीप सैनी झुंझुनूं, संतोष सैनी झुंझुनूं, लीलाधर सैनी बानिया की ढाणी, श्री सुभाष सैनी बानिया की ढाणी, श्री नरेन्द्र सैनी पूर्व जीएसएस अध्यक्ष, अध्यापक अजीत सैनी आदर्शनगर नवलगढ, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र सैनी, पूर्व प्रधान भगवानाराम सैनी, रामावतार सैनी नानू वाली बावड़ी, श्यामलाल सैनी उदयपुरवाटी, कस्टम अधिकारी रमेश सैनी झुंझुनूं सहित अन्य गणमान्य समाज बन्धु कार्यक्रम में उपस्थित थे । प्रबुद्ध वक्ताओं ने कहा कि राजनीति या तो राजनेता अपने बलबूते पर करें और यदि समाज को साथ लेकर चलना चाहते हैं तो समाज के सुख दुख में उन्हें भागीदार बनना होगा। संगठनात्मक ढांचा मजबूत करना होगा।

जिलास्तरीय सम्मेलन के लिए जिला स्तरीय कमेटियों और तहसील कमेटियों का गठन किया जाकर जिलास्तरीय सम्मेलन को संगठित रूप से मिलकर अनूठा बनाया जा सकता है।यह सम्मेलन हमारे लिए अस्तित्व की लड़ाई होगी। कार्यक्रम में उपस्थित समाज बन्धुओ ने सर्वसम्मति से महेन्द्र शास्त्री एवं मुरारी सैनी को जिलास्तरीय सम्मेलन का संयोजक मनोनीत किया। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए समाज बन्धुओ ने आग्रह किया। अन्त में सभी समाज बन्धुओ ने सहभोज किया। चायपानी और भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए आदरणीय मुरारी सैनी का समाज बन्धुओ ने आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सुविचार

**मरी हुई मछली धारा के साथ बहती है लेकिन जीवित मछली धारा के विपरीत तैरती है। अगर आप भी जीवित है तो गलत का विरोध करना सीखें। सफलता देरी और संघर्ष से मिलेंगी पर जीत निश्चित है।**

**जय समाज**

# मां सावित्रीबाई फुले की जंयती पर विशाल वाहन रैली निकाल जागरुकता का दिया संदेश





अजमेर। मां सावित्री बाई फूले महिला सैनी संस्थान तोपदडा, अजमेर के तत्वाधान में माता सावित्रीबाई फुले की 192 वीं जयंती के उपलक्ष में ष्विशाल वाहन रैली ष्का आयोजन किया गया।

विशाल वाहन रैली सुबह 11.00 मार्टिंडल ब्रिज से प्रारंभ होकर केसरगंज, पढाव, स्टेशन रोड, मदारगेट, कचहरी रोड, सुचना केन्द्र से होते हुये महात्मा ज्योतिबा सर्किल पर पहुंचीं! विशाल वाहन रैली का समापन कार्यक्रम महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजली के साथ हुआ ।

विशाल वाहन रैली को हरी झंडी दिखा कर सुबह 11.00 बजे मां सावित्री बाई फुले महिला सैनी संस्थान के अध्यक्ष शारदा मालाकार, भामाशाह त्रिलोक चन्द्र इंदौरा , प्रदीप कच्छावा, अजय तुनवाल, पूनम तवंर, बबीता चौहान ने पटेल नगर में माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा की विधिवत पूजा कर हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया एवं विशाल महिला वाहन रैली का समापन भी उनके द्वारा किया गया।

महिलाओं की भव्य विशाल वाहन रैली का जगह -जगह स्वागत किया गया। मां सावित्री बाई को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुये विशाल वाहन रैली के रूप में उनकी शैक्षिणक नारे लगाते हुए पहली बार अजमेर शहर में महिला रैली का आयोजन किया गया पूरा शहर सावित्रीबाई के नारों..... अमर रहे......अमर रहे....के नारो से गुंजायमान हो गया । सभी महिलायें साफा व दुपटा पहने मां सावित्रीबाई फुले के नारा लगते हुये आगे बढ रही थी। बच्चे व बालिकायें महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्रीबाई फुले का भेषभूषा पहने आगे वाहन मे बैठी चल रही थी। विशाल वाहन रैली का संचालन संस्थान की अध्यक्ष शारदा मालाकार कर रही थी।

खेलो मे राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त बच्चें जान्हवी सैनी, और कनक चौहान को सर्किल पर सम्मानित भी किया। विशाल वाहन रैली मे माया चौहान, उमा मालाकार, सुलोचना कच्छावा, संतोष मोर्य, नेहा अलुदिया, संतोष गहलोत, डिम्पल मोर्य, दर्शना भाटी गरिमा सांखला, अंशुल चौहान, रितु सुशीला यादव, संतोष, मीनाक्षी, हेमलता, सुधा, मीना मारोठिया, शीला दगदी, ललिता टाक, सुनीता सांखला, नर्मदा मौर्य, इसके अलावा घर की चार दिवारी में रहनी वाली घूंघट वाली महिलाएं भी अधिक तादाद में मौजूद रही।

पुरूषों में पुनम चन्द्र मारोठिया, महावीर सिह चौहान, गोपी किशन जादम, नवीन कच्छावा, विजय गहलोत, हेमराज खारोलिया, धर्मेन्द्र तंवर, नरेन्द्र तुनवाल, विनोद गढ़वाल, हेमेन्द सिगोदिया, राजकुमार भाटी, अरूण तुनवाल, जितेन्द्र भाटी, रवि कच्छावा, रविराज माली, रमेश उबाना, रवि दग्दी इत्यादि के अलावा माली समाज की सभी संस्थानों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी मौजूद रहे हर्षोल्लास के साथ रैली का आयोजन हुआ। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर जरूरतमंदों व गरीब परिवारों को स्वेटर एवं गरम शाल, ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। महिलाओं की विशाल भव्य वाहन रैली के समापन पर सभी वक्ताओं ने फुले दम्पति को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग भारत सरकार से दोहराई।



## अंगदान कर 4 जनों को नया जीवन प्रदान करने वाले अशोक सैनी को कोटि कोटि नमन

अशोक सैनी सीकर अंगदान कर जाते जाते दे गया 4 को जीवनदान । गत दिनों जयपुर झुंझुनू बाईपास पर एक्सीडेंट होने पर उपचार के दौरान जयपुर में अन्तिम अंतिम सांस ली अशोक सैनी पुत्र श्री स्वर्गीय प्रभु दयाल सैनी माता श्री बनारसी देवी आरटीओ अश्वफिस राधाकिशनपुरा सीकर के निवासी परिवार जनों का साहस भरा ने पुण्य प्रेरक कार्य जिन्होंने अपने बेटे की मृत्यु पर अंगदान करने के लिए का निर्णय लिया जो कि वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए बहुत ही प्रेरणादायक है वह नेक कार्य के लिए

परिवार जनों को बारंबार आभार, आप ने 1 पुत्र को आकस्मिक खोकर आज 4 पुत्र को जीवन दान का साहसिक निर्णय ले अपने पुत्र अशोक सैनी को अमर कर दिया। ईश्वर महान आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें।

# आयुर्वेदाचार्य महात्मा श्री अचलराम की 150 वी जयंती मनाई



जोधपुर। आयुर्वेदाचार्य महात्मा श्री अचलराम जी की 150 वी जयंती का आयोजन फतहसागर स्थित अचल आश्रम में आश्रम के संरक्षक जबर सिंह कछवाह के सानिध्य में मनाई गई। इस अवसर पर कछवाहा ने अचलराम जी के जीवन वृतांत व उनके द्वारा लिखित पुस्तके हिन्दु धर्म रहस्य, सन्ध्या विज्ञान-योग, आयुर्वेद सुगम चिकित्सा, अचलराम भजन प्रकाश के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया ।

इस अवसर पर दिनेश कछवाहा ने बताया कि अचलराम जी आयुर्वेद विधि से रोगियों का नि:शुल्क उपचार करते थे। आज भी अचलराम पुस्तकालय में चारों वेद, उपनिषद, दर्शन, वेदांत, योग आदि पर लिखी टिकाए और सैकड़ो पुस्तकें पाठकों के पठन हेतु उपलब्ध है। इस अवसर पर महिलाओं ने अचलराम जी लिखित भजनों को गाया। इस अवसर पर व्यवस्थापक राजेंद्र गहलोत, सदस्य उमा देवडा,श्याम लाल सांखला, आनंद सिंह परिहार, नरेंद्र कुमार शर्मा, करूणेश कछवाहा, भगवती कछवाहा, शीतल गहलोत एवं श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया गया।

# जितेन्द्र टाक को 'अतुल्य वारसो आइडेन्टिटी अवॉर्ड 2022' से सन्मानित किया गया



गांधीनगर। गुजरात की राजधानी गांधीनगर के सेक्टर 15 में एनजीओ हेरिटेज एन्ड कल्चरल रिसर्च सेन्टर द्वारा सांस्कृतिक धरोहर को लेखनी के माध्यम से उजागर करने के लिए गुजरात के बनासकांठा जिले की डीसा तहसील के मालगढ़ गाँव में रहनेवाले जितेन्द्र मगनाजी धनाजी टाक 'कवि जिम' को 'अतुल्य वारसो आइडेन्टिटी अवॉर्ड 2022' से सन्मानित किया गया। जितेन्द्र टांक पिछले 28 साल से सांस्कृतिक धरोहर धर्म स्थल ऐतिहासिक स्थान की विजिट करने के बाद उसका आलेख बनाकर विविध अखबार एवम पत्रिकाओं में प्रकाशन हेतु भेजते है।

उल्लेखनीय है की जितेन्द्र टाक द्वारा पचास से अधिक विषय पर लिखित एक हजार से अधिक आलेख गुजरात राजस्थान मध्यप्रदेश महाराष्ट्र उत्तराखंड उत्तरप्रदेश राज्यों के वर्तमानपत्र एवम पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए है। माली समाज के गौरव बढ़ाने वाले स्वतंत्र पत्रकार जितेन्द्र टाक 'कवि जिम' ने विविध देवी देवताओं चालीसा भजन अष्टक स्तुति मंत्र की भी रचना की है। वे अच्छे फोटोग्राफर भी है और पांच हजार से ज्यादा विद्यार्थिओं को अंगेजी पढ़ाने वाले जितेन्द्र टाक प्रतियोगिता परीक्षा के मार्गदर्शक भी है।

# सैनी समाज नववर्ष स्नेह मिलन समारोह की बैठक आयोजित



पावटा। राम मैरिज गार्डन में सैनी समाज बैठक रामेश्वर सैनी ब्लॉक अध्यक्ष की अध्यक्षता एवं महात्मा फुले ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष सम्मानीय श्रीमान रामसिंह सैनी मुख्य अतिथि के सानिध्य मे संपन्न हुई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि समाजसेवा एक शैक्षिक एवं व्यावसायिक विधा है जो सामुदायिक सगठन एवं अन्य विधियों द्वारा लोगों एवं समूहों के जीवन-स्तर को उन्नत बनाने का प्रयत्न करता है। सामाजिक कार्य का अर्थ है सकारात्मक, और सक्रिय हस्तक्षेप के माध्यम से लोगों और उनके सामाजिक माहौल के बीच अन्त: क्रिया प्रोत्साहित करके व्यक्तियों की क्षमताओं को बेहतर करना ताकि वे अपनी जिंदगी की जरूरतें पूरी करते हुए अपनी तकलीफों को कम कर सकें। इस प्रक्रिया में समाज-कार्य लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति करने और उन्हें अपने ही मूल्यों की कसौटी पर खरे उतरने में सहायक होता है। अध्यक्ष महोदय ने सभी को नववर्ष मंगलमय हो की बधाई दी और समाज बंधुओ एवं सामूहिक विवाह समिति पदाधिकारियों को अनेक क्षेत्र में सामाजिक सराहनीय कार्यो हेतु माला पहनाकर सम्मान किया गया।

रामसिंह पाथराण ने बताया कि आगामी सामूहिक विवाह के लिए 13 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन लेकर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। उपस्थित समाज बंधुओं ने आगामी कार्यक्रम सामूहिक विवाह को लेकर अपने-अपने विचार प्रकट किए। इस मौके पर हजारी लाल सैनी, देवकरण सैनी, सुरेश सैनी कैलाश सैनी, एडवोकेट ओमप्रकाश सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी खेमजी,बाबूलाल सैनी ,सरदार मल सैनी, खयालीराम सैनी सज्जन सैनी रोशन लाल सैनी ,कैलाश सैनी मोटूराम सैनी, एडवोकेट नवीन कुमार सैनी, बिललू सैनी, रणजीत सैनी, उमेद बीजवाडिया, रोशन सैनी उमराव सैनी आदि समाज बंधु उपस्थित हुए।

फुले कोचिंग के वार्षिक समारोह में सांसद नायाब सैनी एवं निर्भया केस की वकी सीमा समृद्धि रही मुख्य अतिथि

# एकता का आगाज कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के साथ ही यश टीम द्वारा प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारियों हेतु निःशुल्क कोचिंग का ऐलान











रोहतक। नए साल के आगाज पर समाज में 'एकता का आगाज' कार्यक्रम रोहतक में रखा गया, इसमें माता सावित्रीबाई फुले की जयंती और महात्मा ज्योतिबा फुले कोचिंग संस्थान का वार्षिक समारोह आयोजित किया गया, प्रोग्राम हांसी से महंत सागर नाथ जी के सानिध्य में रखा गया और मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र सांसद नायब सिंह सैनी और सुप्रीम कोर्ट में निर्भया केस की वकील रही सीमा समृद्धि कुशवाहा रही । अपनी गायन कला से समा भाई विकास हरियाणवी और The India Voice 3 के विजेता सुमित सैनी ने और Cultural विभाग हरियाणा में OSD रही लीला सैनी के सज धज कर आई पुरी टीम ने बांदा विशिष्ठ अतिथि के तौर पर रक्तदान मे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड - धारी कैप्टन सुरेश सैनी, नारनौल से चेयरमैन और JJP पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव बहन कमलेश सैनी जी, एमडीयू में प्रोफेसर डॉ राम रतन सैनी, एमडीयू में HOD संस्कृत विभाग प्रोफेसर सुनीता सैनी, JJP पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष कैथल से बड़े पालाराम सैनी, दिल्ली से समाजसेवी और उद्योगपति बड़े भाई मुकेश सैनी, कुरुक्षेत्र सैनी सभा के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी, सैनी समाज की शान और गौरव भाई जतिन सैनी बॉक्सर (राष्ट्रीय प्रभारी सैनी महापंचायत) रिटायर्ड डीएसपी राजवीर सैनी, इंद्री करनाल से सरपंच अंग्रेज सैनी साहब, टोहाना से वाइस चेयरमैन श्रीमती नीतू सैनी, रोहतक से JJP के मनोनीत पार्षद और JJP पार्टी से MLA चुनाव लड़ चुके हमारे बड़े भाई राजेश सैनी, समाजसेवी बुधराम सैनी, रोहतक से पार्षद एडवोकेट मनोज सैनी अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए और समाज में एकता का गुरु मंत्र दिया। चंडीगढ़ हाई कोर्ट में डिप्टी AG रहे सतीश सैनी हरियाणा पुलिस अधिकारी सुरेश सैनी के साथ पहुंच कर YES टीम का मान सम्मान रखा, SBI बैंक में RM गोकल चंद सैनी, Dy. Director Sports रहे फरीदाबाद से अशोक सैनी, DFSC सुरेन्द्र सैनी, MDU कर्मचारी यूनियन में Joint Secretary सुनिल सैनी, PGi- Rtk मे कर्मचारी यूनियन के महासचिव प्रवीण सैनी के साथ खेल हस्तियों में समाज के गौरव और सरताज 16 साल तक महिला हॉकी टीम के कोच रहे द्रोणाचार्य अवॉर्डी नरेंद्र सैनी स्पेशल रांची, झारखंड से रोहतक पहुंचे, पूरे देश का ओलंपिक में मेडल जीतकर सम्मान बढ़ाने वाली देश की पहलवान बेटी साक्षी मलिक के कुश्ती कोच मनदीप सैनी, टेबल टेनिस खेल की पूरी दुनिया में नंबर वन अंडर-19 खिलाड़ी रोहतक, हरियाणा की बेटी सुहाना सैनी, रेलवे में कबड्डी खिलाड़ी राकेश सैनी, हांसी से जूडो के राष्ट्रीय खिलाड़ी सुनील सैनी, महम से हॉकी खिलाड़ी दीपक सैनी, अभी हाल ही में गुजरात में नेशनल हैंडबॉल में मेडल विजेता किशनगढ़ में महम से दीपक सैनी, नोएडा से क्रिकेट खिलाडी राकेश भगत रहे। हरियाणा पुलिस से अंबाला से श्यामलाल सैनी, प्रदीप सैनी पूरी टीम के साथ पहुंचे, दिल्ली से आजाद सैनी, जयभगवान दहिया, HDFC Bank दिल्ली से अलोक। सामाजिक संगठनों में सैनी एजुकेशन सोसायटी के प्रधान आदरणीय धर्म सिंह दहिया, ओबीसी मोर्चा भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश चौधरी, CM window रोहतक के इंचार्ज सुरेंद्र माडू, एडवोकेट राधे श्याम सैनी , हक की आवाज रविन्द्र सैनी, अंतराष्ट्रीय सैनी समाज के संस्थापक नरेश सैनी, कलानौर से प्रधान राजू सैनी, बोहर से प्रधान राजेश सैनी, समाजसेवी करतार सैनी, दिल्ली नरेला से समाज के प्रधान और समाज सेवी आनंद सैनी, महेश सैनी, जींद से सैनी महापंचायत के प्रदेश प्रभारी अशोक सैनी, पानीपत से समाज सेवी वीरेंद्र सैनी, सीए गोविंद सैनी, युवा प्रधान आनद सैनी पूरी टीम के साथ शामिल हुए समालखा से पोस्ट विभाग से समाज सेवी दीपक सैनी, हसनगढ़ से प्यारा भाई प्रीतम सैनी, कैथल से लाडला और क्रांतिकारीदर्शन सैनी, हांसी से आप पार्टी से चौयरमैन प्रत्याशी रहे Rtd AO यशपाल सैनी रहे।

इस समारोह में समाज को समर्पित साथी और मित्रगण उपस्थित रहे और समाज को शिक्षा और खेल के क्षेत्र में कैसे मजबूत किया जाए इस पर चिंतन हुआ और YES टीम द्वारा संचालित निशुल्क कोचिंग संस्थान की और 29 बच्चों ने जो विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा पास की हैं उनको और PHD करने वाले समाज के विद्वानों को सम्मानित किया।

सभी वक्ता ने यश संगठन के शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे निशुल्क कोचिंग कार्य को सराहा और समाज उत्थान में इसे महान कार्य बताया, यश टीम ने बड़े जोश और जिम्मेदारी से इस एकता का आगाज कार्यक्रम को संभाला और सफल बनाया पूरी टीम को सैल्यूट और बधाई।

# माता सावित्रीबाई फुले जयंती पर 45 गर्भवती महिलाओं की गोद- भराई कार्यक्रम आयोजित



अजमेर। सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय जागृति मंच के ततवाधान मे माता सावित्रीबाई फुले की 192 वीं जयंती पर आदर्श नगर स्थित मनुहार गार्डन मे 45 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अजमेर की महापौर श्रीमती ब्रज लता हाडा व अतिथियों के माता सावित्रीबाई फुले व ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि व दीपदान करके हुई। कार्यक्रम का संचालन राजस्थान कला अकादमी की सदस्या ममता चौहान ने किया।

इस अवसर पर अतिथि महिलाओं द्वारा विभिन्न समाज की 45 गर्भवती महिलाओं को ड्रायफ्रुट, घी, गुड, नारियल, जच्चे- बच्चे के उपयोगी सामान उपहार स्वरूप प्रदान किया गया, साथ उन्हें राजस्थानी चुनरी ओढ़ाकर, माला पहनाकर गोद भराई की रस्म अदा की गई। गोद भराई के बाद उन्होंने भोजन कराया गया। कार्यक्रम मे विभिन्न क्षेत्रों मे समाज-सेवा करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी उनका हौसला बढाया गया । बाल प्रकाश आश्रम, बडगांव मे पढने वाले निर्धन विद्यार्थियो को ऊनी वस्त्र, किताबें, पुस्तक व उनको भोजन भी करवाया गया

इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजन त्रिलोक चन्द्र इन्दौरा, पूनम चन्द्र मारोठिया, महेश चौहान, सेवाराम चौहान, भाग चन्द्र सांखला, विजय सिह भाटी, चेतन सैनी, महेन्द्र जादम, बालमुकुंद टांक,नवीन कच्छावा, उमा मालाकार, बबीता मोर्य, हेमराज सिसोदिया, प्रदीप कच्छावा, वीर सिह चौहान, हेमराज खारोलिया, हेमेन्द सिगोदिया, जितेंद्र भाटी, रवि कच्छावा,डा. भूपेन्द्र कटारिया,धर्मेन्द्र टांक, बबीता चौहान, रानू सांखला, मोनिका गढ़वाल, बीना टांक, मधु सैनी, सम्पत भाटी, सुलोचना कच्छावा इत्यादि उपस्थित थे।

इस अनूठे आयोजन के लिए अजमेर माली सैनी समाज के सभी पदाधिकारियों के साथ ही आयोजकों का हार्दिक आभार अभिनंदन।

# भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की जयंती हर्षोल्लास से मनाई



भीलवाड़ा 3 जनवरी। भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की 192वीं जयंती फूले सेवा संस्थान एवं राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फूले मूर्ति परिसर में सावित्री बाई फूले के चित्र के समक्ष पुष्पाजंलि अर्पित कर प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई।

भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की जयंती के अवसर पर पुष्पाजंली कार्यक्रम के तत्पश्चात् ''आज के दौर में कितनी प्रासंगिक है सावित्री बाई फूले'' पर व्याख्यान माला भी आयोजित की गई। इस अवसर पर फूले सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोपाल लाल माली ने सावित्री बाई फूले द्वारा किये गये कार्यो की महत्ता बताते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले ऐसी महिला थी जिन्होंने समाज द्वारा लड़कियों की शिक्षा के विरोध के बावजूद उन्हें शिक्षित करने का प्रण लिया। इन्होंने स्त्री शिक्षा के लिए न केवल संधर्ष किया बल्कि पहली बार बालिकाओं के लिए बालिका विद्यालय की भी स्थापना की। सभी महिलाओं को उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिये। संगोष्ठी में वक्ताओं द्वारा सावित्री बाई फूले जयंती अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की सरकार से मांग की।

समारोह में राज. प्रदेश माली महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री कन्हैयालाल माली, जिला कार्यकारी अध्यक्ष भैरूलाल माली, माली समाज के पूर्व अध्यक्ष बंशीलाल माली व माली सैनी युवा महासभा के जिलाध्यक्ष हरनारायण माली, सैनी कर्मचारी संस्था के अध्यक्ष तोताराम माली, सचिव कन्हैयालाल बुलिवाल ने सावित्री बाई फूले की शिक्षाओं को जीवन में उतार कर एवं उन पर अमल करने पर जोर दिया तथा शिक्षा क्षेत्र में हा लही में हो रहे आमूलचूल परिवर्तनों को भी अपनाने की बात कही।

कार्यक्रम के पूर्व फूले के अनुयायियों ने सावित्री बाई फूले एवं महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सजदा किया। इस अवसर पर महासभा के जिला मंत्री मुरलीधर सैनी, नानूराम गोयल, शंकरलाल गोयल, देबीलाल माली, प्रभुलाल माली, जगदीश चंद्र माली, रोशन माली, अध्यापिका श्रीमती सुनिता शर्मा, सत्यनारायण गुलगांवा, बंशीलाल माली, गणपत माली सहित फूले के कई अनुयायी उपस्थित थे।

# हार्दिक बधाई

## चेतन देवड़ा बने सिविल सेवा अधिकरण के सदस्य



जयपुर। उत्कृष्ट कार्य और सेवा का सम्मान, समाज गौरव प्रशासनिक अधिकारी चेतन देवड़ा आईएएस को सेवानिवृति के दिन राज्य सरकार ने 3 साल के लिए राजस्थान सिविल सेवा अधिकरण का सदस्य नियुक्त कर जो सम्मान दिया है उसके लिए हम सभी जननायक अशोक गहलोत का आभार प्रकट करते है।

चेतनराम देवड़ा की कार्यशैली से सीएम अशोक गहलोत भी है प्रभावित है। देवड़ा की पढ़ाई कक्षा प्रथम से दसवीं तक भोपालगढ़ में ही हुई उसके पश्चात उन्होंने ब्यावर से बीकॉम व एम कॉम गोल्ड मैडल के साथ युनिवर्सिटी टॉपर रहे। तत्पश्चात देवड़ा का चयन 1985 में कॉलेज लेक्चरर में हुआ, अध्ययन में अगाध रूचि के कारण 1989 में देवड़ा का चयन राजस्थान प्रशासनिक सेवा में हुआ। देवड़ा शुरू से ही प्रतिभाशाली एवं उच्च दर्जे के विचारों से प्रभावित रहे, उसके साथ ही कई जिलों में पदस्थापित भी रहे देवड़ा जिस पद पर रहे वहां ईमानदारी से कार्य कर उस पद का मान सम्मान बढ़ाया।

हमें पूर्ण विश्वास है श्रीमान चेतन जी देवड़ा पूर्व की भांति अपनी श्रेष्ठ कार्यकुशलता से सभी को लाभान्वित करेंगे

## ट्रेक्टर ड्राइवर के पुत्र युवा आयुष सैनी CDS AFA ने देश में 2री रैंक हासिल की



झुंझुनूं (बबाई) झुंझुनूं जिला वीर भूमि एवं सैनिकों की नगरी के रुप में जाना एवं पहचाना जाता है उसी कड़ी में बबाई गांव के ढहरवाला ढाणी के आयुष सैनी पुत्र श्री केदारमल जी सैनी ड्राइवर साहब के पुत्र ने सीडीएस एफए में 2री रैंक प्राप्त कर साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है। आयुष खेतड़ी तहसील का पहला माली समाज का लेफ्टिनेंट होने का गौरव हासिल किया है। जो माली समाज के लिए गर्व का विषय है। ननिहाल पक्ष की गाईड से बच्चे ने अपने कैरियर को बदल डाला। इसलिए हमेशा से कहा गया है कि प्रतिभा एवं नदी का पानी अपना रास्ता स्वयं बना लेते हैं। साथ ही माली समाज के संगठन अब इस बच्चे का पता भी खोज लेंगे क्योंकि ये अब लेफ्टिनेंट बन चुका है। आयुष सैनी पुत्र श्री केदार मल सैनी दादाजी स्वर्गीय रामदेव सैनी चाचा फुला राम सैनी, ननिहाल चौधरी नांगल हरियाणा पिता केदारमल ट्रेक्टर ड्राइवर है स्वर्गीय दादाजी रामदेव भी ट्रैक्टर ड्राइवर थे चाचा कुला राम सैनी सीआरपीएफ में तैनात जवान है। हमे युवा समाज गौरव आयुष सैनी पर गर्व है।

## अंडर - 15 में सलेक्शन होने पर वंशिका सैनी का किया गया सम्मान




सहारनपुर (नकुड)। गांव हसनपुर में अंडर 15 में चायनित हुई वंशिका सैनी का जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आए उत्तर प्रदेश में राज्य मंत्री माननीय मंत्री जसवंत सैनी ने वंशिका सैनी को अंडर 15 मैं चयनित होने पर सम्मानित किया ओर कहा कि वंशिका सैनी ने जिला सहारनपुर का पूरे भारत में नाम रोशन किया है ऐसे ही सभी लड़कियों को मेहनत करनी चाहिए और अपने देश अपने जिले का नाम रोशन करना चाहिए। नकुड के पूर्व चेयरमैन धनीराम सैनी ने कहा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे को वंशिका सैनी ने पूरा कर दिखाया है बहुत से माता पिता अभी भी यह कहते हैं कि लड़कियों को पढ़ा लिखा कर क्या करेंगे आखरी में उनको रोटी ही बनानी होती है वह माता पिता गलत है वंशिका सैनी ने जिले का नाम रोशन कर के उन सभी माता-पिता को गलत साबित किया है उन माता- पिता को वंशिका सैनी से सीखना चाहिए। धनीराम सैनी एवं जसवंत सिंह सैनी एवं सैनी समाज के सम्मानित व्यक्तियों ने वंशिका सैनी का अंडर-15 मैं सिलेक्शन होने पर आशीर्वाद दिया और शुभकामनाएं दी । वंशिका सैनी के पिता ओमवीर सैनी, बाबा जनार्दन सैनी, चाचा सोमवीर, मोनू सैनी ने हाथ जोड़कर सम्मान समारोह में आए सभी सम्मानित व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सभी हमारी बेटी के प्रति ऐसे ही प्यार बनाए रखना और आशीर्वाद देना कि वह आगे भी जिले का नाम रोशन करती रहे। इस अवसर पर सैनी समाज के जिलाध्यक्ष अभय सिंह सैनी, दीपक सैनी, भाजपा मीडिया प्रभारी पंकज कुमार सैनी, महामंत्री अजय सैनी, मोहित सैनी एडवोकेट, आजाद सिंह सैनी, जितेंद्र सिंह सैनी, टिंकू प्रधान, डॉक्टर सोनू सैनी, विकास सैनी, कोच सचिन सैनी, सहारनपुर क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन अकरम सैफी आदि सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पानी के संकट को खत्म करने के लिए 60लाख खर्च कर 22किमी पाइप लाइन लाएं हरिराम माली



सिवाणा। समाज गौरव 70 वर्षीय श्रीमान हरिराम माली ने आज से 10 साल पहले जेब से 60 लाख खर्च कर 22 किमी दूर अपने गांव दंताला स्थित खेत से पाइपलाइन सिवाना तक ले आएं। यह कहानी यकीन के परे, लेकिन सच्ची है। संत सरीखे हरिराम माली आश्रमनुमा ढ़ाणी में काफी गायें भी बंधी है। उन्हें किसानों ने अपने खेतों से रास्ता दिया। हरिराम के खेत में 6 कुएं है और पाइपलाइन से सब्जियां उगाते है।



## समाज गौरव डॉ बलवीर सिंह सैनी को पंजाब केबिनेट मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ?

**क्योंकि ?**

**हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार**

**क्योंकि ?**

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

**INNER COLOR**

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

Cell : 94144 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

रजि. कार्यालय : होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर - 01
मो. 77379 54550 ( कार्यालय )

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 15 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

### सदस्यता राशि

**दो वर्ष रू. 600/-** | **5 वर्ष रू. 1,500/-** | **आजीवन रू. 3,100/-**

नाम/संस्था का नाम ____________________

पता ____________________

फोन/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ________ पोस्ट ________ तहसील ________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रुपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर - 01 मो. 77379 54550 ( रजि. कार्यालय )

Mobile : 94144 75464 Visit us at : www.malisainisandesh.com
www.malisaini.org. E-mail :malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

# माली सैनी संदेश के नववर्ष 2023 का कलैण्डर देश भर में आप निम्न स्थानों से प्राप्त कर सकते है




## माली सैनी संदेश नववर्ष 2023 कलैण्डर का देश के विभिन्न क्षेत्रों में वितरण करने वाले समाज सेवी

आप निम्न स्थानों से कलैण्डर निःशुल्क प्राप्त कर सकते है

| जोधपुर | इंदौर | पीपाड़ | अजमेर | बाड़मेर |
|---|---|---|---|---|
| श्री जगदीश देवड़ा<br>रितू स्टूडियों , नृसिंह प्याऊ चौराहा<br>माता का थान रोड़, जोधपुर<br>मो. 9414914846 | श्रीमती अल्का सैनी<br>67, क्यू ब्लॉक, कालिन्दी पार्क<br>श्री नगर एक्सटेंशन<br>इंदौर मो. 09300304268 | श्री प्रभाकर टाक<br>( पूर्व अध्यक्ष )<br>राम प्रिंटिग प्रेस,<br>बस स्टेण्ड, पीपाड़ शहर<br>फोन : 9414126315 | श्री प्रदीप कच्छवाहा<br>1125/37, राजीव गांधी<br>कॉलोनी, नृसिंह पुरा,<br>जौंसगंज अजमेर<br>मो. 9950427336 | श्री पुरूषोत्तम सोलंकी<br>हमीरपुरा रोड़, बाड़मेर<br>मो. : 9414106066 |

| भीनमाल | सिरोही | जालोर | बालोतरा | उदयपुर | बनासकांठा |
|---|---|---|---|---|---|
| श्री भंवरलाल सोलंकी<br>महावीर काम्पलेक्स,<br>महावीर चोराहा, भीनमाल<br>मो. : 9414151449 | श्री रघुभाई देवड़ा<br>होटल बाबा रामदेव<br>सिरोही<br>मो. : 9414449153 | श्री नाथु सोलंकी<br>राजेन्द्र नगर,<br>जालौर<br>मो. : 94142 66768 | श्री पंकज परिहार<br>गांधीपुरा, बालोतरा<br>मो. : 9414108139 | डॉ. किशन माली<br>14 टेकरी,<br>उदयपुर<br>मो. 9414170258 | रमेश माली<br>श्री राम सेल्स सर्विस<br>सेलफ्रदा मार्केट<br>मो. 9978786412 |

| अहमदाबाद | मुबंई | चैन्नई | बैंगलोर |
|---|---|---|---|
| श्री हनुमान राम माली<br>114,प्रथम मंजिल, सी ब्लॉक गीता<br>मंदिर एस.टी. बस स्टैण्ड,<br>अहमदाबाद मो. : 7676760103 | श्री जबराराम माली<br>रामदेव मोबाईल, 5, मदिना बिल्डिंग<br>ए ब्लॉक, सहारा मार्केट, मुसाफिर खाना<br>रोड़ मुम्बई मो. 9869549810 | श्री वचनाराम माली<br>महाशक्ति प्लॉस्टिक, 35/1<br>मलाया पेरूमल स्ट्रीट चैन्नई<br>मो. 9840271033 | श्री अशोक कुमार माली<br>सोना कार्डस, 181/4, कृष्णा<br>कॉम्पलेक्स, सुल्तान पेट<br>बैंगलोर मो. 9480087511 |

| बैंगलोर | मैंसूर | हैदराबाद | तैलंगाना |
|---|---|---|---|
| श्री छोटाराम माली<br>माली उद्योग, 13/4, 15 क्रास<br>भुवनेश्वरी नगर, बैंगलोर<br>मा. 9448520428 | श्री रतन माली<br>रतन पेपर मार्ट, 959, जयराम<br>पड़ित स्ट्रीट शिवारामपेट, मैंसूर<br>9448768332 | श्री अमृत कुमार माली<br>शिवा इलेक्ट्रीकल्स, 5/1/597<br>सैयद जंग लेन, टूप बाजार, हैदराबाद<br>मो. 9849042752 | श्री बंशीलाल सांखला<br>बीकानेर स्वीट, 1/100/301/4<br>विजेता सुपर मार्केट के सामने,<br>नालागंदडाला मो. 99080 62111 |

| नमाकाल | सेलम | कोल्हापुर | नई दिल्ली |
|---|---|---|---|
| श्री दिनेश कुमार गहलोत<br>जय शंकर मालीगई स्टोर<br>132/153, बाजार स्ट्रीट<br>नामाकाल 98941 96953 | अम्बे शक्ति प्लास्टिक<br>6 - ए, दिव्यअनायगम स्ट्रीट<br>सेवपेट, सेलम 9443008627 | श्री धनराज माली<br>भारत सिल्वर, 172, केएच, सी वार्ड<br>गोल्डन प्लाजा दुकान 1 कोल्हापुर<br>मो. 9423281271 | श्री सुरेश कुमार सैनी<br>वी. के मार्केटिंग, मयंक मैंशन, ए-305,<br>सेक्ट 6, प्लॉट 21, द्वारका नई दिल्ली<br>मो. 96251 39819 |

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : माली सैनी संदेश मो. : 9414475464 www.malisainisandesh.com

प्रेषण तिथि : 28/29 जनवरी 2023
समाचार पत्रिका पंजीयन सं. :RAJHIN/2013/60831
मुद्रण तिथि : 28 जनवरी, 2023
Postal Regd No. Jodhpur/496/2021-23
प्रेषण स्थान : RMS जोधपुर

# माली संस्थान चुनावों में 6 पदों पर निर्विरोध निवार्चन, संगठन मंत्री पद पर कालुराम सोलंकी हुए विजयी

जोधपुर। माली संस्थान, जोधपुर के संगठन मंत्री पद के लिए रविवार को महामंदिर स्थित श्री सुमेर उमावि में चुनाव हुए। इसमें बावड़ी के पूर्व प्रधान कालूराम सोलंकी ने समाजसेवी मनीष गहलोत को 1344 मतों से हराया। सुबह आठ से शाम चार बजे तक चले मतदान में दस हजार में से 2 हजार 17 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। इसमें सोलंकी को 1674 तथा गहलोत को 330 वोट मिले। वहीं 13 वोट खारिज हुए।

दरअसल माली समाज संस्थान के छह पदों के चुनाव गत 15 जनवरी को निर्विरोध हो गए थे। जिसमें प्रेमसिंह परिहार अध्यक्ष, संस्थान के उपाध्यक्ष पद पर इंद्रसिंह गहलोत, मंत्री पद पर नरेंद्र परिहार एवं योगेश गहलोत, कोषाध्यक्ष पद पर धर्मसिंह गहलोत संयुक्त मंत्री के पद पर चंपालाल सुंदेशा निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए थे।

लेकिन संगठन मंत्री पद पर कालूराम सोलंकी व मनीष गहलोत आमने-सामने खड़े रहने से यह मतदान करवाना पड़ा। इसमें 10264 मतदाताओं के लिए सुमेर स्कूल में छह पोलिंग बूथ बनाए गए और हर बूथ पर छह-छह सदस्यों की टीम लगाई गई।

संगठन मंत्री पर हुए चुनाव पर मनीष गहलोत ने सर्वप्रथम संगठन मंत्री के पद पर वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमान कालूराम जी सोलंकी को जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके बाद उन्होंने कहा कि यह भी कोई जीत है ? माली संस्थान चुनावों में असंवैधानिक चुनावों और अनियमितताओं एवं पारदर्शिता के खिलाफ आवाज उठाने पर मुझे हराने के लिए समाज के 21 समाज बंधुओं द्वारा धन बल, दर्जनों वाहन लगाने के बाद 10264 वोटों मे से 2100 वोट भी नहीं (20 प्रतिशत) मिल सके और मैनें अकेले ने प्राप्त वोटो का 16.5 प्रतिशत 330 वोट प्राप्त किए। मतलब साफ है अपने आप को समाज के सर्वे सर्वा मानने वाले धन्नाडय और स्वयं भू राजनेता 21 धूंरधरों के कहने से 100-100 वोटर नहीं आएं। यह दर्शाता है कि सामाजिक संस्थाओं से समाज के सभी वर्गो का मोहभंग हो गया है। लेकिन मुझे 330 वोट देने वाले सभी मतदाताओं का आभार प्रकट करते हुए मैं संकल्प करता हूं कि संस्थान के असंवैधानिक गतिविधियों, अनियमितताओं और पारदर्शिता के लिए दुगनी ताकत से तथ्यों के साथ कार्यवाही अंतिम दम तक करूंगा और अतिशीघ्र नियमानुसार होने वाली कार्यवाही तथ्यों के साथ प्रस्तुत करूंगा। 51 वर्षो पूर्व हमारे समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा षैक्षणिक उत्थान, सामाजिक जन जाग्रति के उत्थान एवं सुधार हेतु माली संस्थान जोधपुर की स्थापना की गई थी। जिसके संविधान में समाज के सभी क्षेत्रों एवं वर्गो के प्रतिनिधित्व को चुनने का प्रावधान था। लेकिन काफी समय से इस संविधान को अपने स्वार्थ और हठधर्मिता के चलते दरकिनार कर नियम विरूद्व चुनाव कराएं जा रहे है।

लेकिन संस्थान में पूर्व अध्यक्ष लोकतान्त्रिक तरीके से चुनाव कराना दूर अपनी अड़ियल नीति को स्थापित करते हुए संस्थान के माध्यम से अपना साम्राज्य स्थापित करने में लगे है। उन्हीं एकाधिकार हठधर्मिता के चलते संविधान को दरकिनार कर एक नहीं अनेकों बार अपने ही चहेतों को येन केन धन बल एवं नियम विरूद्व पदाधिकारी बना रहे है यहां तक की संस्थान के सभी आजीवन सदस्यों को नियमानुसार सुचना दिए बिना केवल एक समाचार पत्र में विज्ञप्ति दे दी जबकि संस्था का कार्य क्षैत्र जोधपुर संभाग है एवं सभी मतदाताओं तक व्यक्तिगत सूचना देना आवष्यक है।

पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार के एकाधिकार के इस कार्यशैनी का विरोध करने पर 5 वर्ष पूर्व संविधान एवं नियमानुसार चुनाव कराने के खिलाफ अनशन किया था जिस पर समाज के प्रबुद्धजनों ने 15 दिन में संविधान संशोधन करने का आश्वासन दिया था। उनके इस निर्णय पर मैने अनशन को छोड़कर समाज के निर्णय को स्वीकार कर लिया था। पर समाज के इस निर्णय को ठुकरा कर आज तक अमल नहीं किया गया न ही 5 वर्षो में संविधान संशोधन हुआ। इसी कारण मैनें जागरूकता के लिए संगठन मंत्री के पद पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया था।





**अभी हार कहाँ मानी है, बहुत से गलत लोगों का पर्दाफाश करना बाकी है।
यह तो मुश्किलों की नदी है, अभी तो संमदर आना बाकी है।**

स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com
पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR